@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
गुरूवार, 16 अक्टूबर 2025

कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 337 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

'सबमें मैं हूं और सब मुझमें हैं', यही वह दृष्टिकोण है जिससे सामाजिक हिंसा रुकेगी : मोहन भागवत

एजेंसी
गांधीनगर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ने बुधवार को गांधीनगर के कोबा स्थित प्रेक्षा विश्व भारती ध्यान केंद्र में आचार्य महाश्रमणजी से मुलाकात की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मैं हर साल अपनी बैटरी चार्ज करने यहां आता हूं। डॉ भागवत ने कहा कि व्यक्तिगत चरित्र और राष्ट्रीय चरित्र का आधार नैतिकता है और नैतिकता का आधार आध्यात्मिकता है, क्योंकि आध्यात्मिकता के बिना नैतिकता का कोई अर्थ नहीं है। इसी वजह से मैं ऐसे स्थानों पर जाता हूं जहां से मुझे अपने काम के लिए आवश्यक ऊर्जा मिलती है।

आचार्य महाश्रमणजी की अहिंसा की शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए मोहन भागवत ने कहा कि यदि ऐसा दृष्टिकोण हो, ÷सबमें मैं हूं और सब मुझमें हैं÷, तो सामाजिक हिंसा रुक जाएगी। अब जबकि संघ के 100 वर्ष पूरे हो गए हैं, हमारे



कार्यकर्ताओं ने सोचा कि हमें समाज में एक ऐसा कार्यक्रम लेकर जाना चाहिए जिससे पूरे समाज में ऐसी सद्भावना पैदा हो, जिसके आधार पर नैतिकता का निर्माण हो। इसलिए शताब्दी वर्ष में कोई बड़ा कार्यक्रम नहीं किया जाएगा, क्योंकि यदि हमने देश के लिए काम करते हुए 100 वर्ष पूरे कर लिए हैं, तो यह हमारा कर्तव्य था, इसके लिए उत्सव मनाने की कोई आवश्यकता नहीं है। सरसंघचालक ने कहा कि हमने पंच परिवर्तन नामक एक कार्यक्रम के बारे में सोचा है जिसमें पांच प्रकार के कार्यक्रम हैं:1. पारिवारिक शिक्षा, 2. सामाजिक समरसता, 3. पर्यावरण संरक्षण, 4. नागरिक कर्तव्य 5. आत्मनिर्भर जीवन (स्वदेशी)। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों ने इन सभी बातों का अपने व्यवहार में पालन करना शुरू कर दिया है। शताब्दी वर्ष में स्वयंसेवक समाज में जाकर इन सब बातों को बताएंगे तथा समाज को एकजुट रखते हुए उपरोक्त दिशा में चलने वाले लोगों की संख्या बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

दिव्यांगों के लिए मतदान केंद्रों पर विशेष इंतजाम के निर्देश

एजेंसी
नई दिल्ली। बिहार विधानसभा चुनाव और अन्य राज्यों में उपचुनावों के मद्देनजर चुनाव आयोग ने दिव्यांग मतदाताओं के लिए राज्य के सभी 90,712 मतदान केंद्रों पर व्हीलचेयर रैंप, ब्रेल सुविधा और परिवहन सहायता जैसी व्यवस्थाएं अनिवार्य रूप से करने का आदेश जारी किया है।

आयोग के अनुसार, राज्य के हर मतदान केंद्र पर व्हीलचेयर वालों और दिव्यांगों के लिए रैंप बनाए जाएंगे ताकि वे बिना किसी दिक्कत के अंदर जा सकें। दिव्यांग मतदाताओं को वोट डालने के लिए पहले प्रवेश मिलेगा। दृष्टिबाधित मतदाताओं के लिए ब्रेल लिपि में वोटिंग के लिए खास कागज और सूचनाएं दी जाएंगी। वे खुद भी बिना मदद के ईवीएम मशीन पर ब्रेल सुविधा का इस्तेमाल करके वोट डाल सकेंगे।

अगर चाहें तो एक साथी भी साथ ले जा सकते हैं। मतदान वाले दिन दिव्यांग मतदाताओं के लिए खास बस या गाड़ी की सुविधा उपलब्ध होगी। वे इस सुविधा के लिए पहले से ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं। इसके अलावा 292 मतदान केंद्र ऐसे होंगे जिनका संचालन पूरी तरह दिव्यांग कर्मचारी करेंगे।

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का संकट

देश का सबसे प्रदूषित शहर बना नोएडा, अब धुंध भी छाएगी

एजेंसी
नोएडा। दिल्ली-एनसीआर में हवा की गुणवत्ता लगातार बिगड़ती जा रही है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, नोएडा इस समय देश का सबसे प्रदूषित शहर बन गया है, जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 282 तक पहुंच गया। इसके साथ ही गाजियाबाद 260 एक्यूआई के साथ दूसरे, गुरुग्राम तीसरे और दिल्ली चौथे स्थान पर है, जहां एक्यूआई 208 रिकॉर्ड किया गया। वहीं, ग्रेटर नोएडा में भी वायु गुणवत्ता 246 तक पहुंच गई, जो खतरनाक स्तर के बेहद करीब मानी जाती है। विशेषज्ञों के अनुसार, 200 से ऊपर का एक्यूआई 'बहुत खराब श्रेणी' में आता है, जबकि 300 के पार पहुंचने पर स्थिति 'गंभीर या रेड जोन' मानी जाती है। इस लिहाज से दिल्ली-एनसीआर की हवा गंभीर खतरे के निशान के बेहद करीब पहुंच चुकी है। एक ओर जहां धूल, वाहनों का धुआं, निर्माण कार्य, कूड़ा जलाना और पराली का धुआं प्रदूषण बढ़ाने के प्रमुख कारण बताए जा रहे हैं, वहीं

दूसरी ओर मौसम विभाग की रिपोर्ट ने भी चेतावनी दी है कि आने वाले कुछ दिनों में 'मिस्ट' और 'फॉग' (धुंध व कोहरा) की स्थिति बनेगी।

इससे प्रदूषक कण नीचे की सतह पर ही फंसे रहेंगे और हवा साफ होने की संभावना कम रहेगी। 15 से 20 अक्टूबर के बीच के मौसम पूर्वानुमान में अधिकतम तापमान 32 से 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17 से 20 डिग्री के बीच रहेगा। सुबह और शाम के समय हल्की ठंड के साथ धुंध छाई रहेगी। ऐसे में वायु गुणवत्ता के और खराब होने की आशंका जताई जा रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बच्चों, बुजुर्गों और सांस व हृदय रोग से पीड़ित मरीजों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। बिना जरूरी काम के बाहर निकलने से बचने, मास्क का प्रयोग करने, घरों में एयर प्यूरिफायर या पौधे लगाने जैसी सलाह दी जा रही है।

संभल में मस्जिद और 80 मकानों पर बुलडोजर कार्रवाई पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लगाई रोक

एजेंसी
प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के संभल में तालाब की जमीन पर बनी मस्जिद और 80 मकानों को नोटिस दिए जाने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुधवार को प्रशासनिक कार्रवाई पर रोक लगा दी। अब संभल में तालाब की जमीन पर बनी संरचना पर कार्रवाई नहीं होगी। संभल के थाना रायसत्ती क्षेत्र के मोहल्ला हातिम सराय में स्थित आठ बीघा जमीन पर अवैध निर्माण के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बड़ा आदेश दिया है। आदेश के बाद से लोगों में खुशी है। तहसीलदार के नोटिस को इलाहाबाद हाईकोर्ट में



चुनौती दी गई थी, जिसके बाद महमूद आलम और 18 अन्य लोगों की याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आदेश दिया है। संभल प्रशासन ने तालाब की भूमि पर अवैध निर्माण का नोटिस देकर सभी के मकानों पर लाल निशान लगाए थे। याचिकाकर्ताओं के मकान को तालाब की जमीन पर बने होने के कारण अवैध करार देकर नोटिस जारी किया गया था। इससे पहले प्रशासन ने सभी मकानों पर लाल निशान लगाकर नोटिस दिया था और 15 दिन के अंदर जवाब मांगा था। साथ ही अवैध निर्माण हटाने का भी निर्देश दिया था। इस दौरान प्रशासन ने करीब 40 मकानों को अवैध चिह्नित किया था। प्रशासन ने सभी संबंधित पक्षों से 15 दिनों के अंदर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर अवैध निर्माणों को बुलडोजर से ध्वस्त करने की कार्यवाही की बात कही थी। इसके बाद लोगों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।कोर्ट में याचिकाकर्ताओं की तरफ से सीनियर अधिवक्ता राकेश पांडे, अधिवक्ता इरशाद अहमद और अयूब खान ने पक्ष रखा था। याचिकाकर्ता का दावा है कि प्रशासन ने तहसील रिकॉर्ड जांचे बिना कार्रवाई शुरू की है। कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद कार्रवाई नहीं करने का आदेश जारी किया है। साथ ही कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को चार हफ्ते के अंदर तहसीलदार के यहां आवेदन देने को कहा है।

दिव्यांगों के लिए मतदान केंद्रों पर विशेष इंतजाम के निर्देश

एजेंसी
नई दिल्ली। बिहार विधानसभा चुनाव और अन्य राज्यों में उपचुनावों के मद्देनजर चुनाव आयोग ने दिव्यांग मतदाताओं के लिए राज्य के सभी 90,712 मतदान केंद्रों पर व्हीलचेयर रैंप, ब्रेल सुविधा और परिवहन सहायता जैसी व्यवस्थाएं अनिवार्य रूप से करने का आदेश जारी किया है।

आयोग के अनुसार, राज्य के हर मतदान केंद्र पर व्हीलचेयर वालों और दिव्यांगों के लिए रैंप बनाए जाएंगे ताकि वे बिना किसी दिक्कत के अंदर जा सकें। दिव्यांग मतदाताओं को वोट डालने के लिए पहले प्रवेश मिलेगा। दृष्टिबाधित मतदाताओं के लिए ब्रेल लिपि में वोटिंग के लिए खास कागज और सूचनाएं दी जाएंगी। वे खुद भी बिना मदद के ईवीएम मशीन पर ब्रेल सुविधा का इस्तेमाल करके वोट डाल सकेंगे। अगर चाहें तो एक साथी भी साथ ले जा सकते हैं। मतदान वाले दिन दिव्यांग मतदाताओं के लिए खास बस या गाड़ी की सुविधा उपलब्ध होगी। वे इस सुविधा के लिए पहले से ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं। इसके अलावा 292 मतदान केंद्र ऐसे होंगे जिनका संचालन पूरी तरह दिव्यांग कर्मचारी करेंगे।

दीपावली पर दिल्ली होगी जगमग: रेखा गुप्ता

कौमी पत्रिका

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर दिल्ली सरकार ने दीपावली पर्व के मद्देनज़र राजधानी को स्वच्छ, सुरक्षित और जगमग बनाने के लिए सभी विभागों को विशेष तैयारी के आदेश जारी किए हैं। इस संबंध में सभी संबंधित विभागाध्यक्षों और निकाय अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं, ताकि दीपावली के दौरान नागरिकों को सुगम यातायात, स्वच्छ वातावरण और उत्सवी माहौल का अनुभव मिल सके। दीपावली पर्व लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि यह पर्व उजास, वैभव और खुशियों का पर्व है। दीपावली केवल दीपों का त्योहार नहीं, बल्कि स्वच्छता, अनुशासन और सामूहिक सहयोग का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि इस दीपावली पर दिल्ली जगमगाए, उजास से भरी दिखे और स्वच्छ रहे। सभी विभाग मिलकर यह सुनिश्चित करें कि नागरिकों को सुविधाजनक, सुरक्षित और उल्लासमय वातावरण मिले। मुख्यमंत्री ने दिल्ली की जनता से भी अपील की कि वे स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करें, सफाई बनाए रखें और दीपावली को पर्यावरण-संवेदनशील उत्सव के रूप में मनाएं। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने दिल्ली सरकार के मुख्य सचित श्री राजीव वर्मा को सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश जारी किए हैं और कहा है कि आगामी पर्वों के दौरान सार्वजनिक भागीदारी और सामुदायिक आयोजन बड़े पैमाने पर होंगे। इसलिए सभी विभागों और एजेंसियों के बीच आपसी समन्वय सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रबंधन सुचारु रहे और नागरिकों को किसी असुविधा का सामना न करना

पड़े। रेखा गुप्ता के इस आशय के निर्देश मुख्य सचिव राजीव वर्मा ने सभी विभागाध्यक्षों को अलग-अलग दिशा-निर्देश जारी किए हैं और दीपावली के पर्व पर दिल्ली में सभी व्यवस्था चाक-चौबंद रखने का आदेश जारी किया है। मुख्य सचिव ने सभी स्थानीय निकायों, विद्युत विभाग और सार्वजनिक निर्माण विभाग (PWD) को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्राधिकार में सभी सड़कों, बाजारों, कॉलोनियों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थलों की स्ट्रीट लाइटों की कार्यशीलता सुनिश्चित करें। शेष पृष्ठ 3 पर

त्रिपुरा के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री और रेल मंत्री से की मुलाकात

एजेंसी
नई दिल्ली। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा ने बुधवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और राज्य में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं तथा भावी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा ने प्रधानमंत्री मोदी से भेंट की। मुख्यमंत्री साहा ने भी 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा कि प्रधानमंत्री से मिलकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हुई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में 'विकसित त्रिपुरा, विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार करने के लिए राज्य सरकार कई परिवर्तनकारी पहलें कर रही है।मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को राज्य में चल रही प्रमुख विकास परियोजनाओं की जानकारी दी और कुछ अहम मुद्दों पर केंद्र के सहयोग की मांग की। इनमें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत ब्रू-रियांग समुदाय को शामिल करने, सार्वजनिक वितरण प्रणाली में गेहूं के आवंटन में वृद्धि, त्रिपुरा में रेलवे ट्रैक को दोहरी लाइन में बदलने, अगरतला से गुवाहाटी के बीच वंदे भारत ट्रेन शुरू करने, बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाओं (ईएपी) की अधिकतम सीमा बढ़ाने, राज्य में 15 नए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) स्थापित करने, एक कृषि बोर्ड एवं अनुसंधान केंद्र की स्थापना तथा उनाकोटि विरासत स्थल के सतत विकास जैसे

मुद्दे शामिल हैं। मुख्यमंत्री साहा ने नई दिल्ली में रेल भवन जाकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भी भेंट की। उन्होंने बताया कि इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के 'विकसित त्रिपुरा, विकसित भारत' के विजन को साकार करने के लिए कई महत्वपूर्ण पहलों पर चर्चा की गई।

इन पहलों में अगरतला-गुवाहाटी के बीच वंदे भारत ट्रेन का शुभारंभ, राज्य के रेलवे ट्रैक का दोहरीकरण, इलेक्ट्रिक ट्रेनों का संचालन, लंबी दूरी की ट्रेनों में आधुनिक कोच और रेलवे स्टेशनों का उन्नयन शामिल हैं। इसके अलावा, अगरतला स्थित त्रिपुरा फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टिट्यूट (टीएफटीआई) के लिए नए भवन और आधुनिक पाठ्यक्रम, कॉल सेंटरों के विस्तार और विकास, तथा उन्नत साइबर सुरक्षा केंद्र की स्थापना पर भी विचार-विमर्श हुआ।

महिला अपराधों पर सख्त बंगाल के राज्यपाल, राष्ट्रपति को सौंपी दुर्गापुर दुष्कर्म मामले की रिपोर्ट

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को लेकर राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने सख्त रुख अपनाया है। राज्यपाल ने दुर्गापुर दुष्कर्म मामले पर रिपोर्ट तैयार कर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंप दी है। यह जानकारी राजभवन के एक अधिकारी ने बुधवार को दी। राजभवन के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि रिपोर्ट में राज्यपाल ने मामले में अपने निष्कर्षों और पीड़िता व उसके माता-पिता के साथ अपनी बातचीत का विस्तृत विवरण दिया है। राज्यपाल ने कानून व्यवस्था को लेकर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि राज्य में कानून तो सख्त है, लेकिन उसका सही तरीके से पालन नहीं हो रहा है। इसकी पूरी जिम्मेदारी पुलिस की है। उन्होंने कहा कि राज्य की कानून व्यवस्था में सुधार की काफी गुंजाइश है। बता दें कि बोस, पिछले दिनों पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर गए थे और उन्होंने पड़ोसी ओडिशा के जलेश्वर की रहने वाली पीड़िता और उसके माता-पिता से बात की थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी ओडिशा से हैं। इसके अलावा, बोस ने उत्तर बंगाल में बाढ़ व भूस्खलन की घटना से जुड़ी रिपोर्ट भी केंद्र और प्रदेश सरकार के सक्षम अधिकारियों को सौंप दी है। इसमें राज्यपाल भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों के अपने दौरे से प्राप्त निष्कर्षों का विवरण दिया है। साथ ही, ऐसी ही प्राकृतिक आपदाओं से पहले, दरमियान और बाद में उठाए जाने वाले आवश्यक कदमों पर सुझाव शामिल हैं। पिछले सप्ताह उत्तर बंगाल में बाढ़ और भूस्खलन में कम से कम 32 लोगों की जान चली गई। इसके साथ ही जब उनसे राज्य में चल रही एसआईआर (एसआईआर) प्रक्रिया पर सवाल किया गया, तो राज्यपाल ने जवाब दिया।

विपक्ष ने मतदाता सूची को बताया दोषपूर्ण, कहा- स्थानीय निकाय चुनाव में न हो इस्तेमाल

मुंबई । महाराष्ट्र में एनसीपी (एसपी) नेता जयंत पाटिल और कांग्रेस के बालासाहेब थोरात ने बुधवार को कहा कि राज्य की मतदाता सूची अत्यधिक दोषपूर्ण और गड़बड़ है और इसे आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। यह बयान उन्होंने राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे और मुख्य चुनाव अधिकारी एस चॉकलिंगम से मुलाकात के बाद पत्रकारों से साझा किया। यह लगातार दूसरा दिन था, जब विपक्षी नेताओं की प्रतिनिधि मंडल ने चुनाव संबंधी शिकायतें प्रस्तुत कीं। शिव सेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) अध्यक्ष राज ठाकरे भी प्रेस मीट में मौजूद थे। स्थानीय निकाय चुनाव आने वाले दो महीनों या अगले साल की शुरुआत में होने की संभावना है। जयंत पाटिल ने आरोप लगाया कि मतदाता पहचान पत्र (एपिक) और निर्वाचन सूची में अधूरी या भ्रामक पते दिए गए हैं, जो प्रक्रियागत उल्लंघन का संकेत है।

अमनीत पर FIR: एएसआई संदीप आत्महत्या मामले में केस दर्ज

एफआईआर में विधायक का नाम भी

एजेंसी
चंडीगढ़। हरियाणा पुलिस के एएसआई संदीप लाठर (42) को सुसाइड के लिए उकसाने के आरोप में दिवंगत आईपीएस अधिकारी एडीजीपी वाई पूरण कुमार की आईएएस पत्नी अमनीत कुमार, उनके विधायक साले अमित रतन, जेल में बंद गनमैन सुशील कुमार समेत चार पर एफआईआर दर्ज की गई है। यह रिपोर्ट संदीप की पत्नी संतोष ने लिखाई है इसके पहले परिजनों ने बुधवार सुबह सांत्वना देने आए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से कार्रवाई की मांग की थी। शाम करीब चार बजे सीएम के ओएसडी एफआईआर की कॉपी लेकर परिजनों के पास पहुंचे। हालांकि, परिजन अभी संदीप को शहीद का दर्जा, पत्नी को नौकरी और आर्थिक मदद का लिखित आश्वासन चाहते हैं। अभी शव का पोस्टमार्टम कराने की भी परिजनों ने सहमति नहीं दी है। उल्लेखनीय है कि एडीजीपी वाई पूरण कुमार का चंडीगढ़ में आठ दिन बाद बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार किया गया। वाई पूरण कुमार ने 7 अक्तूबर को चंडीगढ़ के सेक्टर-11 स्थित अपने घर पर खुद को गोली मारी थी। उनकी आत्महत्या के ठीक आठवें दिन बीते रोज मंगलवार को रोहतक के साइबर सैल के एएसआई संदीप लाठर ने भी आत्महत्या की थी। बता दें कि संदीप कुमार मूल रूप से जींद के जुलाना गांव के निवासी थे। उन्होंने सुसाइड करने से पहले चार पेज का सुसाइड नोट और छह मिनट 28 सेकंड का वीडियो छोड़ा था। सुसाइड नोट में उन्होंने एडीजीपी पूरण कुमार को भ्रष्ट बताते हुए रोहतक रेंज में उनके तबादले के बाद भ्रष्ट पुलिसकर्मियों को आईजी कार्यालय में तैनाती दिलाने के अलावा भी कई अन्य आरोप दिवंगत एडीजीपी पर लगाए।

एनकाउंटर के नाम पर जनता को डराया जा रहा है : अखिलेश यादव

एजेंसी
लखनऊ । समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को योगी आदित्यनाथ सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार केवल एनकाउंटर की राजनीति कर रही है ताकि लोगों को डराया जा सके, लेकिन राज्य की कानून-व्यवस्था सुधारने में कोई रुचि नहीं दिखा रही है। अखिलेश यादव ने कहा, 'यह सरकार एनकाउंटर करवाकर लोगों को भयभीत करना चाहती है। वे यह दिखाना चाहते हैं कि कानून व्यवस्था सुधार ली है, जबकि सच्चाई यह है कि कई निर्दोष इसका शिकार बने हैं। कई मामलों में तो पुलिसकर्मियों को भी जेल जाना पड़ा है। जैसे जौनपुर में 8-10 पुलिसकर्मी जेल में हैं।' अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर गोरखपुर और लखनऊ के गोमती रिवर फ्रंट पर स्वर्गीय कवि केदारनाथ सिंह की प्रतिमा लगाई जाएगी। उन्होंने कहा, 'गोमती रिवर फ्रंट लखनऊ की शान है, हम वहां केदारनाथ सिंह जी को सम्मानित करेंगे।' उन्होंने योगी सरकार पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार सफेद टेबल पर बैठकर काले झूठ बोलती है। गोमती नदी की सफाई की योजना सिर्फ कागजों में है। जो सीवर का पानी गिर रहा है, उसका कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। योगी सरकार 'गोमती रिवाइवल मिशन' का ढोंग कर रही है। अखिलेश ने

कहा, 'जब समाजवादी सरकार थी, तब हमने गोमती और वरुणा नदी की सफाई का मॉडल बनाया था। वही मॉडल भविष्य में नदियों को स्वच्छ बनाएगा। लेकिन मौजूदा सरकार नदियों को नहीं, बजट को साफ कर रही है। यह सरकार केवल योजनाओं के नाम पर पैसा लूटने की तैयारी करती है।'

महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर रार, कांग्रेस-राजद में 65-55 में फंसा पेंच

कांग्रेस ने 43 सीट पर किए उम्मीदवार चयनित, जल्द हो सकती है नामों की घोषणा

पटना(एजेंसी)। बिहार में चुनाव से पहले महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर रार खत्म नहीं हो रही है। कांग्रेस चुनाव में 65 सीटें चाहती है और राष्ट्रीय जनता दल 55 सीटें देने को तैयार है। इधर पार्टी सूत्रों के मुताबिक महागठबंधन में पहले चरण की जिन सीटों पर सहमति बनी है उनके नाम आज घोषित हो सकते हैं। कांग्रेस ने अब तक कुल 43 सीट पर उम्मीदवार चयनित किए हैं। महागठबंधन में कांग्रेस 65 सीटों की मांग पर अड़ी है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीटों की अदला-बदली को देखते हुए पार्टी 74 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम को अंतिम रूप दे रही है। ऐसे कांग्रेस ने सभी 243 सीटों पर दावेदारों से आवेदन मंगाए थे। महागठबंधन समन्वय समिति के समन्वयक तेजस्वी यादव के साथ बातचीत में कोई फार्मूला तय नहीं होने से मंगलवार को दिल्ली में पार्टी ने उम्मीदवारों के नाम पर विचार किए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बैठक की अध्यक्षता की। कांग्रेस मंगलवार को भी सभी सीटों पर प्रत्याशियों के नाम को अंतिम रूप नहीं दे सकी है।

दिल्ली कांग्रेस मुख्यालय में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में मंगलवार को 18 नामों पर चर्चा हुई। 3 घंटे चली बैठक में इन सीटों पर प्रत्याशी के नाम को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में 40 सीट की चर्चा हुई। शेष सीटों पर उम्मीदवार के नाम तय करने के लिए सब कमेटी का गठन किया गया है। बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि सभी मजबूत सीटों पर चर्चा हुई है। अब आगे की तैयारी कर रहे हैं।

कांग्रेस को डर सता रहा है। दिल्ली में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद टिकट दावेदारों ने जमकर नारेबाजी भी की थी। इस कारण सदाकत आश्रम में हमेशा दिखने वाले नेताजी अब गायब हैं। दरअसल इस बार पार्टी ने सभी विधानसभा क्षेत्रों से आवेदन मंगाए थे। इस कारण दावेदारों की संख्या चार हजार से ज्यादा है। चुनावी साल में संगठन के अभाव में इन दावेदारों के सहारे ही पार्टी ने कार्यक्रमों और अभियान को सफल बनाया। कांग्रेस इन्हें आश्वस्त करती रही कि कार्यक्रमों में मेहनत के अनुसार ही टिकट मिलेगा। नई दिल्ली में दावेदारों ने डेरा जमा लिया है। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में कांग्रेस मुख्यालय के बाहर कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी भी की। कार्यकर्ता हाल ही में पार्टी में शामिल हुए नेताओं को तवज्जो देने से नाराज हैं।

जैसलमेर बस अग्निकांड: 2 अफसर सस्पेंड, मृतकों की संख्या 21 पहुंची

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान के जैसलमेर में हुए भीषण बस अग्निकांड के बाद सरकार ने कड़ी कार्रवाई की है। बुधवार को परिवहन विभाग ने चित्तौड़गढ़ के कार्यवाहक डीटीओ सुरेंद्र सिंह और सहायक प्रशासनिक अधिकारी चुन्नी लाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। जांच में सामने आया कि हादसे का शिकार हुई बस की बॉडी को चित्तौड़गढ़ परिवहन विभाग से ही अनुमोदन (अप्रूवल) मिला था। इस बीच, हादसे को लेकर पहली एफआईआर दर्ज की गई है। मृत पत्रकार राजेंद्र चौहान के भाई ने बस मालिक और ड्राइवर के खिलाफ जैसलमेर सदर थाने में केस दर्ज कराया है। मृतकों की संख्या अब 21 हो गई है। बुधवार सुबह 10 वर्षीय यूनुस ने जोधपुर के महात्मा गांधी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, अभी भी चार घायल मरीज वेंटिलेटर पर हैं, जिनकी हालत गंभीर बनी हुई है। यह हादसा मंगलवार दोपहर करीब 3-30 बजे हुआ, जब जैसलमेर से जोधपुर जा रही प्राइवेट एसी स्लीपर बस में अचानक आग लग गई। बस में सवार कई यात्री झुलस गए थे। शुरुआती जांच में संभावना जताई जा रही है कि बस के इंजन में शॉर्ट सर्किट के कारण आग फैली, जिसने देखते ही देखते पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। सरकार ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं और परिवहन विभाग को बस बॉडी अप्रूवल की प्रक्रिया की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए मुआवजा और घायलों के इलाज का पूरा खर्च उठाने की घोषणा की है।

दिल्ली में फिर हवा हुई जहरीली, एक्यूआई 206 पर पहुंचा, ग्रैप–1 लागू

नई दिल्ली। दिल्ली–एनसीआर में हवा जहरीली हो गई है। करीब चार महीने के बाद दिल्ली–एनसीआर में प्रदूषण का स्तर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। बुधवार की सुबह दिल्ली और एनसीआर के कई इलाकों में धुंध की मोटी चादर छाई रही। प्रदूषण की बढ़ती स्थिति को देखते हुए मंगलवार को ही ग्रैप–1 लागू कर दिया गया था। इसके तहत प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कई कड़े कदम उठाए गए हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के मुताबिक बुधवार सुबह 7-30 बजे तक दिल्ली का एक्यूआई 206 दर्ज किया, जो खराब श्रेणी में आता है। वहीं, एनसीआर के अन्य शहरों में भी स्थिति चिंताजनक है। फरीदाबाद में एक्यूआई 189, गुरुग्राम में 156, गाजियाबाद में 145, ग्रेटर नोएडा में 123 और नोएडा में 136 दर्ज किया गया।

6 माह बाद सामने आया पत्नी के कातिल डॉक्टर का असली चेहरा, फॉरेंसिक साइंस रिपोर्ट से खुला सच

बेंगलुरु (एजेंसी)। बेंगलुरु में डॉक्टर दंपति की शादी के 11 महीने बाद एक दर्दनाक सच्चाई सामने आई है। अस्पताल के जनरल सर्जन डॉक्टर महेंद्र रेड्डी ने अपनी पत्नी डॉक्टर कृतिका रेड्डी की हत्या कर दी। कृतिका विक्टोरिया अस्पताल में डर्मेटोलॉजिस्ट थीं और बीते कुछ दिनों से बीमार थीं। घटना अप्रैल 2025 की है, जब कृतिका अपने पिता के घर रह रही थीं। तभी महेंद्र ने दो दिन तक उन्हें आईवी इंजेक्शन दिए जिसके बाद 23 अप्रैल को उनकी तबीयत बिगड़ी और अस्पताल में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उस समय मराठाहल्ली पुलिस ने यूडीआर (अप्राकृतिक मृत्यु रिपोर्ट) दर्ज की थी। 6 महीने बाद फॉरेंसिक साइंस लैब की रिपोर्ट में कृतिका के शरीर में एनस्थीसिया ड्रग प्रोपोफोल मिला। यह दवा सिर्फ ऑपरेशन थियेटर में इस्तेमाल होती है। इसके बाद पुलिस ने मामला को हत्या में बदल कर आरोपी डॉक्टर महेंद्र रेड्डी को मणिपाल से गिरफ्तार कर लिया। कृतिका की बहन डॉक्टर निकिता रेड्डी ने ही शक जताया था और केस दर्ज कराया। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी के परिवार पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज थे जिन्हें शादी के समय छुपाया गया था। कृतिका के पिता मुनी रेड्डी ने कहा कि उनकी बेटी ने अपने पति पर भरोसा किया था, लेकिन पति ने ही उसका विश्वास तोड़ा। परिवार ने सख्त सजा की मांग की है।

हाथियों की आबादी में 18 फ़ीसदी की गिरावट?

नई दिल्ली (एजेंसी)। जंगली हाथियों की डीएनए के आधार पर पहली बार गणना की गई है। गणना के जो परिणाम सामने आए हैं। उसके अनुसार हाथियों की संख्या 2017 में 27312 थी। वह 2021 की जनगणना में घटकर 22446 रह गई है। जो पिछली जनगणना के मुकाबले 18 फ़ीसदी कम है। यह रिपोर्ट 4 साल के बाद सार्वजनिक की गई है। वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने डीएनए आधारित गणना की जानकारी को गलत बताते हुए कहा है। इस बार की जनगणना वैज्ञानिक तरीके से की गई है। जिसके कारण हाथियों की जनसंख्या में कमी देखने को मिल रही है। इस बार की गणना पूरी तरीके से सही है। वही रिपोर्ट के अनुसार सड़क अतिक्रमण, रेल निर्माण और अन्य बुनियादी ढांचा की परियोजनाओं के चलते जंगल काटे जा रहे हैं। उसको लेकर मानवों और हाथियों के बीच लगातार संघर्ष बढ़ रहा है। इस संघर्ष में हाथियों की संख्या कम हो रही है। जो चिंता का विषय है।

'जिनका आंदोलन से कोई वास्ता नहीं वो आज ट्रस्टी'– जगदगुरु रामभद्राचार्य

अयोध्या (एजेंसी)। जगद्गुरु रामभद्राचार्य रामलला का दर्शन करने अयोध्या पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अयोध्या में कौशल्या की गोद में बैठे लाडले राम के मंदिर का निर्माण कराए जाने की जानकारी दी है। उन्होंने हनुमान गढ़ी मंदिर में दर्शन किया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास से भी मुलाकात की। उन्होंने मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यह जो आज ट्रस्टी बने हुए हैं, यह कभी भी संघर्ष के दौरान नहीं थे। सिर्फ मैं और महंत नृत्य गोपाल दास, अशोक सिंघल, महंत अवैद्यनाथ जी थे। हम लोग जानते हैं, संघर्ष की लीला। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट को निरंकुश नहीं होना चाहिए। शास्त्रों के मर्यादा की रक्षा करनी चाहिए और यह ट्रस्टियों की जिम्मेदारी भी है। मथुरा और काशी विवाद रामभद्राचार्य ने कहा कि हमारी भूमिका वही रहेगी, जो अयोध्या में राम मंदिर को लेकर रही है। उन्होंने अयोध्या में भव्य दीपोत्सव के आयोजन पर कहा कि अयोध्या निरंतर सजती रहेगी। प्रभु रामलला के दर्शन की इच्छा हुई तो अयोध्या आ गए हैं, यहां बहुत ही अच्छा लगा। उन्होंने कहा कि ध्वजारोहण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का आगमन बहुत ही हर्ष का विषय है। महंत नृत्य गोपाल दास से मुलाकात को लेकर रामभद्राचार्य ने कहा हमारी पुरानी मित्रता है। हम मित्रों की मुलाकात आनंद ही कुछ और होता है। वह अब बहुत कम पहचान पाते है, लेकिन मुझे पहचान लिया।

राजनाथ सिंह ने पूर्व सैनिकों और पूर्व सैनिकों के आश्रितों के लिए खोला पैसा का पिटारा

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व सैनिकों और पूर्व सैनिकों के आश्रितों के लिए वित्तीय सहायता योजनाओं में 100 प्रतिशत वृद्धि को मंजूरी दे दी है। बुधवार को इस बारे में जानकारी देकर रक्षा मंत्रालय ने बताया कि ये योजनाएं पूर्व सैनिक कल्याण विभाग द्वारा केन्द्रीय सैनिक बोर्ड के माध्यम से लागू होती हैं। वित्तीय सहायता में की गई प्रमुख बढ़ोतरी के तहत अनुदान 4,000 रुपए प्रति माह से बढ़ाकर 8,000 रुपए प्रति माह प्रति लाभार्थी किया गया है। यह सहायता 65 वर्ष से अधिक आयु वाले उन पूर्व सैनिकों के आश्रितों और विधवाओं को आजीवन मिलेगी, जिनकी कोई नियमित आय नहीं है और जो गैर–पेंशनभोगी हैं। वहीं शैक्षणिक अनुदान 1,000 रुपए से बढ़ाकर 2,000 रुपए प्रति माह प्रति विद्यार्थी किया गया है। यह सहायता अधिकतम दो आश्रित बच्चों को कक्षा 1 से स्नातक तक या दो वर्षीय परास्नातक कोर्स कर रही आश्रित विधवाओं को दी जाएगी। विवाह अनुदान में भी बढ़ोतरी की गई है। विवाह अनुदान को 50,000 रुपए से बढ़ाकर 1,00,000 रुपए प्रति लाभार्थी किया गया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह अनुदान अधिकतम दो पुत्रियों के विवाह अथवा विधवा पुनर्विवाह के लिए लागू होगा, बशर्ते विवाह आदेश के जारी होने के बाद संपन्न हुआ हो। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि मंजूरी की गई नई दरें 1 नवंबर 2025 से प्राप्त आवेदनों पर लागू होंगी। इससे प्रति वर्ष करीब 257 करोड़ रुपए का वित्तीय भार पड़ेगा, जो आर्म्ड फोर्सेस फ्लैग डे फंड से वहन किया जाएगा।

बारिश ने बढ़ाया चेन्नई के जलाशयों का जलस्तर, आपूर्ति होगी मजबूत

चेन्नई (एजेंसी)। बारिश और जलग्रहण क्षेत्रों से बढ़ते जलप्रवाह के साथ चेन्नई के प्रमुख पेयजल जलाशय पूरी क्षमता के करीब हैं। इससे आने वाले महीनों में शहर में जल आपूर्ति की मजबूत होगी। तमिलनाडु जल संसाधन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक पूंडी, पुझल, चेम्बरमबक्कम, रेड हिल्स और चोलावरम जलाशय, जो मिलकर चेन्नई की पेयजल जरूरतों को पूरा करते हैं, उनमें अब 8.328 हजार मिलियन क्यूबिक फीट पानी है, जबकि उनकी संयुक्त क्षमता 11.757 टीएमसी फीट है, जो 70.9 फीसदी का एक स्वस्थ जल संग्रहण स्तर दर्शाता है।

अब पाकिस्तान के लिए आत्मघाती कदम होगा पहलगाम जैसा हमला करना

जम्मू (एजेंसी)। पाकिस्तान की ताकत नहीं है कि वो भारत से सीधे मुकाबला कर सके। यही वजह है कि वो आए दिन भारत के खिलाफ साजिश रचता रहता है। पश्चिमी सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने कुछ इसी तरह की साजिश वाली चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान एक बार फिर पहलगाम जैसी आतंकी साजिश रच सकता है, क्योंकि उसके पास भारत से सीधे युद्ध करने की क्षमता और हिम्मत नहीं है। जनरल कटियार ने साफ कहा कि अगर पाकिस्तान कोई हरकत करता है तो भारत की जवाबी कार्रवाई और भी घातक होगी। उन्होंने कहा, अगर वे कुछ करते हैं तो हमारा जवाब पहले से कहीं ज्यादा घातक होगा। इसमें कोई शक नहीं। हम पूरी तरह तैयार हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि अगली कार्रवाई और निर्णायक होगी। जम्मू में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचाया था। उन्होंने कहा, हमने उसकी चौकियों और हवाई ठिकानों को तबाह कर दिया। लेकिन हमें सतर्क रहना होगा, क्योंकि वह फिर कुछ करने की कोशिश कर सकता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अपनी दुर्भावनापूर्ण नीतियों से बाज नहीं आएगा, क्योंकि उसके पास भारत से सीधे लड़ने की न तो क्षमता है और न ही साहस। उन्होंने कहा, भारतीय सेना पूरी तरह तैयार है और हमें जनता का पूरा समर्थन प्राप्त है। यही कारण है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हम पाकिस्तान को करारी हार देने में सफल रहे। 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले में 25 पर्यटकों और एक स्थानीय व्यक्ति की मौत के बाद भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसके तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान-आधिकृत कश्मीर में आतंक ढांचे को तबाह किया गया।

तमिलनाडु में हिंदी पर बैन की तैयारी: सीएम स्टालिन की भाषाई स्वाभिमान नीति आई फिर चर्चा में

–हिंदी फिल्में, गाने, विज्ञापन बोर्ड्स और होर्डिंग्स पर रोक का प्रस्ताव

चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (डीएमके) सरकार राज्य में हिंदी भाषा के इस्तेमाल पर बैन लगाने वाला विधेयक विधानसभा में पेश करने की तैयारी कर रही है। माना जा रहा है कि प्रस्तावित बिल में हिंदी फिल्मों, गानों, विज्ञापन बोर्डों और होर्डिंग्स में हिंदी भाषा के प्रयोग पर रोक लगाने का प्रावधान शामिल हो सकता है।

सूत्रों के अनुसार, सरकार ने मंगलवार देर रात कानूनी विशेषज्ञों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आपात बैठक बुलाई, जिसमें बिल के मसौदे पर विस्तार से चर्चा हुई। यह बिल 14 से 17 अक्टूबर तक चल रहे विधानसभा के विशेष सत्र में पेश किया जा सकता है। गौरतलब है कि तमिलनाडु में लंबे समय से हिंदी भाषा को लेकर विवाद चलता रहा है। डीएमके और अन्य द्रविड़ दल केंद्र की 'तीन-भाषा नीति' का विरोध करते रहे हैं। मुख्यमंत्री स्टालिन ने कई मौकों पर कहा है कि राज्य के लोगों पर हिंदी थोपने का कोई भी प्रयास स्वीकार्य नहीं होगा।

मार्च 2025 में पेश किए गए राज्य बजट के दौरान भी स्टालिन सरकार ने एक प्रतीकात्मक भाषाई कदम उठाते हुए बजट दस्तावेजों और सिंबल से रुपए का हिंदी प्रतीक हटाकर तमिल अक्षर का उपयोग किया था, जो ÷रुबाई (रुपया)÷ शब्द का पहला अक्षर है। यह निर्णय उस समय भी राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में रहा था।

संभावित प्रभाव और राजनीतिक संदेश

प्रस्तावित बिल पारित होने के बाद राज्य में सार्वजनिक स्थलों, विज्ञापनों, सिनेमा हॉलों, रेडियो प्रसारणों और गानों में हिंदी के प्रयोग पर रोक लगाई जा सकती है। हालांकि, अभी तक आधिकारिक मसौदा सार्वजनिक नहीं किया गया है। यदि यह बिल लाकर पारित किया जाता है, तो तमिलनाडु देश का पहला राज्य बन जाएगा जहां हिंदी भाषा के सार्वजनिक उपयोग पर औपचारिक प्रतिबंध लागू होगा। सीएम स्टालिन का कहना है कि हम तमिलनाडु की सांस्कृतिक पहचान और भाषाई स्वतंत्रता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। किसी पर कोई भाषा थोपी नहीं जाएगी।

सोनम वांगचुक की हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई 29 अक्टूबर को

नई दिल्ली (एजेंसी)। सामजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई टल गई। अब मामले की अगली सुनवाई 29 अक्टूबर को होगी। बात दें कि सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे. अंगमो की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने याचिका में संशोधन करने की इजाजत मांगी है। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया की पीठ को सुनवाई करनी है। इससे पहले, केंद्र सरकार और अन्य प्राधिकारियों से जवाब मांगा गया था। लेह प्रशासन ने अपने हलफनामे में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत वांगचुक की हिरासत का बचाव किया है। लेह के जिलाधिकारी रोमिल सिंह डोंक ने कहा कि हिरासत आदेश 26 सितंबर को पारित किया गया था। उन्होंने कहा कि वह इस बात से संतुष्ट थे और अभी भी संतुष्ट हैं कि व्यक्ति को हिरासत में रखा जाए। हिरासत का आधार राज्य की सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने और समुदाय के लिए आवश्यक सेवाओं के लिए हानिकारक गतिविधियों को बताया गया है।

केरल में हिजाब विवाद छात्रा के पिता और स्कूल प्रबंधन ने बैठकर सुलझाया

–कुछ तत्व इसे लेकर सांप्रदायिक माहौल खराब करने की कर रहे थे कोशिश

एर्नाकुलम (एजेंसी)। केरल के एर्नाकुलम जिले में एक छात्रा को हिजाब पहनने की अनुमति न देने से उपजा विवाद सुलझ गया। छात्रा के पिता ने बातचीत के बाद स्कूल के ड्रेस कोड का पालन करने की बात कही। वहीं, शिक्षा विभाग की जांच रिपोर्ट ने छात्रा को धार्मिक स्वतंत्रता के तहत हिजाब पहनने की अनुमति देने की सिफारिश की है। मामला कैथोलिक चर्च द्वारा संचालित सेंट रीटा पब्लिक स्कूल पल्लुरुथी का है, जहां कक्षा 8 की छात्रा के पिता पीएम अनस ने अपनी बेटी को कक्षा में हिजाब पहनने की अनुमति देने की मांग की थी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक स्कूल प्रशासन ने इसे यूनिफॉर्म नीति का उल्लंघन बताते हुए अस्वीकार कर दिया था। सोमवार और मंगलवार को स्कूल में तनाव के बाद कक्षाएं निलंबित कर दी गई थीं। मंगलवार को कांग्रेस सांसद हिबी ईडन की मध्यस्थता में छात्रा के माता-पिता और स्कूल प्रबंधन के बीच बातचीत हुई, जिसके बाद अनस ने कहा कि वह और उसकी बेटी स्कूल प्रबंधन के निर्देशों का पालन करेंगे। वह नहीं चाहते कि यह मामला सांप्रदायिक रंग ले। हमें समाज में भाईचारा बनाए रखना है। हिबी ईडन ने कहा कि कुछ तत्व इस विवाद के बहाने सांप्रदायिक विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कहा कि छात्रा के पिता का यह फैसला केरल की धर्मनिरपेक्ष परंपरा को मजबूत करने वाला है। इस बीच राज्य के सामान्य शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी ने बताया कि जांच में स्कूल की ओर से गंभीर चूक पाई गई है। उन्होंने फेसबुक पर लिखा- छात्रा को हिजाब पहनने के कारण कक्षा से बाहर करना संविधान द्वारा प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता और शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन है। यह गंभीर अनुशासनहीनता है। जांच रिपोर्ट में अनुशंसा की गई है कि छात्रा को हिजाब पहनने की अनुमति दी जाए और स्कूल चाहें तो उसके रंग और डिजाइन तय कर सकता है। मंत्री ने कहा कि केरल की धर्मनिरपेक्ष पहचान के विपरीत कोई शैक्षणिक संस्था कार्य नहीं कर सकती। ऐसी घटनाएं दोबारा नहीं होनी चाहिए। इससे पहले केरल हाईकोर्ट ने स्कूल प्रबंधन को संभावित कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए पुलिस सुरक्षा देने का आदेश दिया था।

चुनाव में धनबल, शराब, नशे व उपहारों के इस्तेमाल को लेकर आयोग सख्त

आयोग ने चुनाव खर्च पर नजर रखने व्यय पर्यवेक्षकों को भी किया तैनात

नई दिल्ली (एजेंसी)। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव में धनबल, शराब, नशे और मुफ्त उपहारों के इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाया है। आयोग ने सभी प्रवर्तन एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए हैं ताकि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सके। चुनाव आयोग ने 6 अक्टूबर को बिहार विधानसभा के आम चुनाव और 8 विधानसभा सीटों के उपचुनाव की घोषणा की थी। अब आयोग ने चुनाव खर्च और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए विशेष निगरानी की व्यवस्था की है।

चुनाव आयोग ने इस अभियान में कई एजेंसियों को शामिल किया है, जिनमें राज्य पुलिस विभाग, आबकारी विभाग, आयकर विभाग, एफआईयू-आईएनडी, आरबीआई, एसएलबीसी, डीआरआई, सीजीएसटी, एसजीएसटी, कस्टम्स, प्रवर्तन निदेशालय, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स, सीआईएसएफ, एसएसबी, बीसीएएस, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया, डाक विभाग, वन विभाग और राज्य सहकारी विभाग शामिल हैं। इन सभी को निर्देश दिया है कि चुनाव के दौरान धन, शराब, ड्रग्स या अन्य प्रलोभनों के जरिए मतदाताओं को प्रभावित न किया जा सके।

आयोग ने चुनाव खर्च पर नजर रखने के लिए व्यय पर्यवेक्षकों को तैनात किया है। ये अधिकारी अधिसूचना जारी होते ही अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में पहुंच गए हैं और वहां व्यय निगरानी से जुड़ी टीमों से मिलकर नजर रख रहे हैं। आयोग ने कहा कि फ्लाइंग स्क्वॉड, सर्विलांस टीमें और वीडियो मॉनिटरिंग टीमें चौबीसों घंटे सक्रिय रहेंगी ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिशों पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

चीन ब्रह्मपुत्र बना रहा सबसे बड़ा बांध, पड़ोसी देशों पर बनाना चाहता है दबाव

–भारत ने जलविद्युत योजना का अनावरण का फैसला कर दिया जवाब

नई दिल्ली (एजेंसी)। चीन ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाकर मनमानी करने की सोच रहा है। इस बांध के जरिए वह अपने पड़ोसी देशों को रौंदकर अपना व्यापार बढ़ाने की पूरी कोशिश कर रहा है। अब भारत ने भी इसका जवाब देने का फैसला लिया है। दरअसल, भारत सरकार ने ब्रह्मपुत्र नदी पर ही 6.4 लाख करोड़ रुपए की जलविद्युत योजना का अनावरण किया। भारत के इस फैसले के पीछे रणनीति है जो कि भविष्य में भारत के कई राज्यों को फायदा पहुंचाने वाली है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस जलविद्युत परियोजना के बनने से पूर्वोत्तर राज्यों की बिजली की जरूरत आसानी से पूरी होगी। इसके अलावा अन्य राज्यों को भी बिजली आपूर्ति की जा सकेगी। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) ने कहा है कि केंद्र सरकार ने बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने के लिए 2047 तक ब्रह्मपुत्र बेसिन से 76 गीगावाट से ज्यादा जलविद्युत क्षमता स्थानांतरित करने के लिए 6.4 ट्रिलियन रुपए की पारेषण योजना तैयार की है।

सोमवार को जारी रिपोर्ट में सीईए ने कहा कि इस योजना में पूर्वोत्तर राज्यों के 12 उप-बेसिनों में 208 बड़ी पनबिजली परियोजनाएं शामिल की गई हैं, जिनकी संभावित क्षमता 64.9 गीगावाट और पंप-स्टोरेज संयंत्रों से अतिरिक्त 11.1 गीगावाट है। बेसिन की सीमापारीय प्रकृति और चीन से निकटता के कारण जल प्रबंधन और बुनियादी ढांचे की योजना एक रणनीतिक मुद्दा बन गया है। चीन के ब्रह्मपुत्र पर बांध बनाए जाने के बाद भारत को डर सता रहा है कि यह बांध भारतीय क्षेत्र में पानी के प्रवाह को 85 फीसदी कम कर सकता है। इतना ही नहीं, कभी युद्ध की स्थिति आई तो चीन इस बांध का दुरुपयोग भी कर सकता है। इससे ब्रह्मपुत्र के निचले इलाके को नुकसान पहुंचने का खतरा है।

बता दें ब्रह्मपुत्र नदी, जो चीन के तिब्बत से निकलती है और भारत-बांग्लादेश से होकर बहती है, अपने भारतीय क्षेत्र में विशेषकर चीन सीमा के निकट अरुणाचल प्रदेश में, अहम जलविद्युत क्षमता रखती है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ब्रह्मपुत्र बेसिन अरुणाचल प्रदेश, असम, सिक्किम, मिज़ोरम, मेघालय, मणिपुर, नागालैंड और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों को कवर करता है और भारत की अप्रयुक्त जलविद्युत क्षमता का 80 फीसदी से ज्यादा इसमें समाहित है। अकेले अरुणाचल प्रदेश में 52.2 गीगावाट की क्षमता है। बता दें चीन ने जुलाई में दक्षिण-पूर्वी तिब्बत में भारत की सीमा के पास ब्रह्मपुत्र पर एक बड़े बांध का निर्माण शुरू किया है। भारत ने इस साल की शुरुआत में इस परियोजना को लेकर चिंता जताई थी। जनवरी में भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा था कि चीन से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि ब्रह्मपुत्र के निचले इलाकों के हितों को ऊपरी इलाकों में हो रही गतिविधियों से नुकसान न पहुंचे।

दीपावली पर दिल्ली होगी जगमग: रेखा गुप्ता

प्रथम पृष्ठ का शेष

किसी भी खराब लाइट की तुरंत मरम्मत की जाए, ताकि दीपावली के अवसर पर दिल्ली उजास से भर उठे। मुख्य सचिव ने दिल्ली पुलिस (ट्रैफिक विंग) को निर्देश दिया गया है कि त्योहार के दौरान बाजारों और प्रमुख सड़कों पर अतिरिक्त बल तैनात किया जाए। प्रभावी यातायात योजना लागू की जाए ताकि भीड़-भाड़ वाले इलाकों और बाजारों में वाहनों और भीड़ का सुचारु प्रवाह बना रहे। मुख्य सचिव वर्मा ने दिल्ली नगर निगम और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद को आदेश दिए हैं कि वे सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाएं। कूड़े के समय पर निस्तारण और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त सफाई कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि गलियों, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और धार्मिक स्थलों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए ताकि दीपावली पर राजधानी स्वच्छ और आकर्षक दिखे। मुख्य सचिव ने बाजारों में स्ट्रीट वेंडर्स के उचित प्रबंधन और स्थान निर्धारण के लिए नगर निगम और स्थानीय पुलिस को समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि त्योहारी सीजन में भी व्यवसाय प्रभावित न हो और सार्वजनिक सुविधा व सुरक्षा बनी रहे। मुख्य सचिव ने प्रत्येक विभाग और एजेंसी से एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने का अनुरोध किया है, जो अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित करे और इन तैयारियों की नियमित निगरानी करे। सभी विभागों से यह भी कहा गया है कि वे अपनी कार्रवाई रिपोर्ट शहरी विकास सचिव को प्रेषित करें। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की "वोकल फॉर लोकल" की भावना को आगे बढ़ाते हुए मुख्य सचिव ने कहा है कि विभाग और एजेंसियां नागरिकों, बाजारों और विक्रेताओं को स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग और बिक्री के लिए प्रेरित करें। इससे न केवल स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा बल्कि आत्मनिर्भरता की भावना भी सशक्त होगी।

मुठभेड़ में बंबीहा गैंग के दो शूटरों को लगी गोली

कौमी पत्रिका

गुरुग्राम। गुरुग्राम में अपराध शाखा सेक्टर-39 व सेक्टर-40 की पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में शनिवार की रात करीब 11 बजे हुई मुठभेड़ में बंबीहा गैंग के दो शूटरों को पकड़ा है। मुठभेड़ में पुलिस की जवाबी कार्रवाई के दौरान पैरों में गोली लगने से दोनों बदमाश घायल हो गए। मुठभे ? में कुल 11 राउंड फायर हुए, इनमें सात राउंड बदमाशों और चार राउंड फायर पुलिस की ओर से किए गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अपराध शाखा सेक्टर-39 की पुलिस को शनिवार की रात को सूत्रों से सूचना मिली कि पंजाब में हत्या करने के मामलों में वांछित दो बदमाश बाइक पर सवार होकर गोल्फ कोर्स 200 फूटा रोड पर आएंगे। वे यहां पर किसी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। इस बारे में अपराध शाखा सेक्टर-39 के प्रभारी मोहित कुमार ने इस बारे में उच्च अधिकारियों को अवगत

कराया और अपराध शाखा सेक्टर-40 के प्रभारी ललित को सूचना दी। इसके बाद अपराध शाखा सेक्टर-39 व सेक्टर-40 की पुलिस टीमें सभी सुरक्षा उपकरणों सहित गोल्फ कोर्स एक्सटेंसटन रोड पहुंचीं। सूचना में बताई गई बाइक को ढूंढना शुरू किया तो पुलिस टीम को उमरीपुर गांव रोड के पास एक बाइक आती हुई दिखाई दी। पुलिस टीम ने चालक को बाइक रोकने का इशारा किया। पुलिस टीम को देखकर बिना नंबर प्लेट की बाइक पर सवार दो युवक मौके से भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने बाइक का पीछा किया गया तो पीछे बैठे युवक ने पुलिस टीम पर एक फायर किया। इसके बाद पुलिस से बचने के लिए युवक बाइक को तेज गति से भगाने लगे तो बाइक का असंतुलित होकर गिर गई। बाइक गिरते ही दोनों युवक अलग-अलग दिशा में भागने लगे तो पुलिस टीम ने हवाई फायर करते हुए दोनों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। दोनों युवकों ने पुलिस पर फायर करना शुरू कर दिया। इस दौरान एक गोली सहायक उपनिरीक्षक अभिलाष की बुलेट प्रूफ जैकेट पर भी लगी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में दोनों आरोपियों के पैरों में फायर किए तो दोनों आरोपियों के पैर में 1-1 गोली लगी और वे घायल होकर गिर गए। पुलिसकर्मियों ने दोनों आरोपियों को काबू कर लिया। पुलिस ने एफएसएल व सीन ऑफ क्राइम की टीमों से घटनास्थल का निरीक्षण कराया। आरोपियों द्वारा सरकारी कार्य मे बाधा डालने और पुलिस पर गोली चलाकर जानलेवा हमला करने पर उनके खिलाफ सेक्टर-65 थाने में बीएनएस व शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों से दो पिस्टल, दो कारतूस एक बाइक बरामद की है। वहीं, घटनास्थल से 11 खाली खोल कारतूस (सात आरोपियों की आरे से और चार पुलिस की ओर से फायर किए गए) बरामद किए हैं। अपराध शाखा सेक्टर-39 व सेक्टर-40 की पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में गोली लगने से घायल हुए दोनों बदमाश पंजाब के अमृतसर के रहने वाले हैं। आरोपियों की पहचान अमृतसर की मिलाप कॉलोनी निवासी सुमित शर्मा (21 वर्ष) और साहदोवाल निवासी सुखमनजीत (19 वर्ष) के रूप में हुई है। गोली लगने से घायल हुए दोनों बदमाशों को उपचार के लिए सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुमित शर्मा ने 10वीं कक्षा तक और सुखमनजीत ने 12वीं कक्षा तक पढ़ाई की है। आरोपी सुमित अगस्त 2025 में पंजाब के अमृतसर में हत्या के मामले में वांछित अपराधी है। वहीं, आरोपी सुखमनजीत वर्ष 2022 में अमृतसर के महतो गांव में हत्या करने के मामले में भगोड़ा अपराधी है। आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड जांचने पर पता चला कि आरोपी सुमित पर हत्या करने, हत्या का प्रयास करने जान से मारने की धमकी देने व शस्त्र अधिनियम के तहत छह मामले दर्ज हैं। वहीं, आरोपी सुखमनजीत पर हत्या करने के तहत एक मामला पंजाब में पहले भी दर्ज है।

बैंक मैनेजर दामाद को उतारा था बेरहमी से मौत के घाट, बेटा-बेटी संग कलेक्ट्रेट बार के अध्यक्ष दोषी करार

आगरा। आगरा के ताजगंज की रामरघु एग्जॉटिका कॉलोनी में 12 अक्तूबर 2023 को बैंक मैनेजर सचिन उपाध्याय की गला दबाकर हत्या के मामले में कोर्ट ने उनके ससुर कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बिजेंद्र रावत, साले कृष्णा रावत और पत्नी प्रियंका उर्फ मोना को दोषी करार दिया। एडीजे-17 नितिन ठाकुर की कोर्ट में बुधवार को सजा पर सुनवाई होगी। तीनों दोषियों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया। केस में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की तरफ से 18 गवाह पेश किए गए। पांच गवाह बचाव पक्ष ने पेश किए। थाना मंसुखपुरा के टीकतपुरा निवासी सचिन उपाध्याय की शादी फरवरी 2015 में बालूगंज निवासी बिजेंद्र रावत की बेटी प्रियंका उर्फ मोना के साथ हुई थी। तब सचिन गुजरात में बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में मैनेजर थे। मृतक के पिता केशव देव शर्मा ने 18 अक्तूबर 2023 को थाना ताजगंज में केस दर्ज कराया था। बताया था कि सचिन से प्रियंका झगड़ा करती थी। इसके कारण बेटा गुजरात से वापस आ गया। उसकी तैनाती शमसाबाद स्थित बैंक की शाखा में हो गई। वर्ष 2020 में दोनों शमसाबाद मार्ग स्थित रामरघु एग्जॉटिका में रहने लगे थे। सचिन ने सितंबर में भाई गौरव के नाम से पेट्रोल पंप के लिए आवेदन किया तो बहू ने सचिन से झगड़ा किया। 11 अक्तूबर को सचिन घर आया था। उसने सारी बातें बताई थीं। 10 बजे बेटे के साले कृष्णा रावत ने फोन करके सचिन और प्रियंका के बीच झगड़े की जानकारी दी। उन्होंने फोन मिलाया तो स्विच ऑफ था। 12 अक्तूबर की शाम बेटे के ससुर बिजेंद्र रावत ने उन्हें फोन कर सचिन के मौत की जानकारी दी। वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि बेटे के शरीर पर चोट के निशान थे। उन्होंने सचिन की हत्या का आरोप बहू प्रियंका, उसके पिता बिजेंद्र रावत, भाई कृष्णा रावत और एक अज्ञात पर लगाया था। केस में दोषी मृतक का साला कृष्णा रावत जेल में था। पत्नी और ससुर जमानत पर चल रहे थे। तत्कालीन डीसीपी सिटी ने डॉक्टरों के पैनल से सचिन के शव का पोस्टमार्टम कराया था जिसकी वीडियोग्राफी भी हुई थी। रिपोर्ट में गला घोंटने से दम घुटना की बात सामने आई थी। शरीर पर चोट के छह निशान मिले थे जो हल्के जले थे। इस मामले में जनवरी 2024 में आरोपपत्र दाखिल किया गया था। इसमें बिजेंद्र रावत को आपराधिक षड्यंत्र (धारा 201) का आरोपी बनाया था, जबकि बेटी प्रियंका और बेटे कृष्णा को हत्या और साक्ष्य मिटाने (302, 201) का आरोपी बनाया था। हत्या के पीछे पत्नी का झगड़ा दर्शाया गया था। 25 से अधिक गवाहों के साथ इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य भी जुटाए गए थे। मुकदमे की विवेचना निरीक्षक क्राइम राजकुमार ने की थी। मृतक का पोस्टमार्टम चिकित्सकों के पैनल से कराया गया था। इसमें मौत गला दबाने से होने की पुष्टि हुई थी। जलाया भी गया था। पुलिस ने घर से प्रेस और कपड़े बरामद किए थे। कृष्णा रावत के बहन प्रियंका के घर पर पौन घंटे तक रुकने की पुष्टि हुई थी। डिजिटल साक्ष्य मिल गए थे। हत्या के बाद घटना को आत्महत्या दर्शाने का प्रयास किया गया था। सचिन के पिता केशव देव शर्मा सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। पुलिस विवेचना के मुताबिक, हत्या की वजह कलह बनी थी। पत्नी को पति का परिजन से मिलना पसंद नहीं था। विवेचना में पाया गया था कि घटना वाले दिन सचिन गांव गए थे। परिवार से मिलकर आए थे। सचिन ने भाई के नाम से पेट्रोल पंप के लिए आवेदन किया था। पत्नी इससे नाराज थी। पति के घर आने पर पत्नी ने झगड़ा किया। अपने भाई को बुला लिया था। इसके बाद ही हत्या की गई थी। पिता का कहना है कि बेटे की 11 अक्तूबर को हत्या कर दी गई थी। अगले दिन उन्हें सूचना दी गई। बिजेंद्र रावत ने डीएम से शिकायत कर रात में ही शव का पोस्टमार्टम कराने का दबाव बनाया था।

प्रदेश में खत्म हुई ई कारों-स्कूटरों में मिलने वाली सब्सिडी, फैसला न होने से ठप हुई ब्रिकी

लखनऊ। ई कारों और ई स्कूटरों पर मिलने वाली सब्सिडी 13 अक्तूबर को खत्म हो गई है। सब्सिडी आगे जारी रहेगी या नहीं या फिर नीति में बदलाव होगा, इसे लेकर शासन स्तर से अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। माना जा रहा है कि जल्द इस मामले में बैठक होगी और इस पर फैसला लिया जाएगा। मंगलवार को औद्योगिक विकास विभाग और परिवहन विभाग से सब्सिडी संबंधी किसी तरह के दिशा निर्देश जारी न होने से पूरे प्रदेश में ई वाहनों की बिक्री लगभग ठप हो गई है। ई वाहन प्रोत्साहन नीति के तहत 13 अक्तूबर तक ई वाहनों पर रोड टैक्स शून्य था। इसके अलावा एक लाख रुपये की सब्सिडी अतिरिक्त थी। यानी एक ई कार पर ढाई से तीन लाख रुपये तक की सब्सिडी का प्रावधान था। खन्ना हुंडई के एमडी पुनीत खन्ना ने कहा कि सोमवार तक स्टाक खाली कर दिया। अभी तक कोई गाइडलाइंस नहीं आई हैं इसलिए बुकिंग भी बंद हैं। टाटा मोटर्स के डीलर सुमन कपूर ने कहा कि सब्सिडी पर संशय होने के कारण बुकिंग बंद है। शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक ई वाहनों पर सब्सिडी जारी रहेगी या नहीं, इसपर अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

NAME CHANGE
I, PRIYA SRIVASTAVA D/O OM PRAKASH SRIVASTAVA R/O H-142, ASSOTECH WINDSOR COURT, SECTOR-78, NOIDA, DISTT- GAUTAM BUDDH NAGAR 201301. THAT I HAVE CHANGED THE NAME OF MY MINOR SON NAME FROM ISHAN SRIVASTAVA TO ISHAAN SRIVASTAVA FOR ALL.

NAME CHANGE
I, MOHD IKRAM S/O ALLUDDIN,residing at H.No.73,Gali No.4,33 Foota Road,Bhagirathi Vihar Phase-1,Delhi-110094, have changed my name to IKRAMUDDIN

NAME CHANGE
I hitherto known as Om Mazumder alias Subhodeep Mazumder S/O Subhasish Mazumder, R/O 623, Arun Vihar, Sector-29, Noida, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh- 201301,have changed my name and shall hereafter be known as OM MAZUMDER.

PUBLIC NOTICE
It is for general information that I, PRADEEP KUMAR S/O KEDARNATH PRASAD, R/O H.No- J-05, Type-3, Mahanadi extension Ignou Campus Maidan Garhi Ignou Hauz Khas South Delhi Delhi -110068, declare that name of my wife has been wrongly written as NITI AGGARWAL in my minor Son's namely SUBH AGGARWAL aged 16 Years in his School record. The actual name of my wife is NITI AGRAWAL, which may be amended accordingly.

NAME CHANGE
It is for general information that I, NANDAN RAM S/o RUPLAL RAM R/o House No. 542, Kh.No. 88, Pehlad Pur Bangar, PO: Pehlad Pur Bangar, Dist. North West Delhi, Delhi-110042, declare that name of my wife has been wrongly written as MEERA DEVI in my minor son namely GOVIND KUMAR aged 15 years in his School Records. The actual name of my wife is SUNEETA DEVI.

NAME CHANGE
येरुशलम, एजेंसी। हमास की ओर से बंधक बनाए गए नेपाली हिंदू छात्र बिपिन जोशी का शव इजरायल को लौटा दिया गया है। 7 अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजरायल पर किए गए हमले के दौरान उसका अपहरण कर लिया गया था। अटैक के वक्त जोशी ने अपनी बहादुरी से कई सहपाठियों की जान बचाई थी। सोमवार को गाजा में संघर्ष विराम समझौते के बाद उसकी मृत्यु की पुष्टि ऐसे समय हुई, जब 20 जीवित बंधकों की रिहाई पर उत्सव का माहौल था। बंधक बनाए जाने के कुछ दिनों बाद इजरायली सेना की ओर से वीडियो फुटेज जारी किया गया, जिसमें जोशी को गाजा के शिफा अस्पताल में घसीटते हुए दिखाया गया था। यह उनकी आखिरी ज्ञात जीवित झलक थी। हमास के लड़ाकों ने जब हमला किया, तब 22 वर्षीय बिपिन जोशी नेपाल से गाजा सीमा के पास किबुत्ज अलुमिम गए थे। यहां वह खेती-किसानी को लेकर ट्रेनिंग कार्यक्रम के लिए आए थे। जोशी गाजा में जीवित माने जाने वाले एकमात्र गैर-इजरायली और हिंदू बंधक थे। नेपाल के इजरायल में राजदूत धन प्रसाद पंडित ने रिपब्लिका को उनकी मौत की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि सोमवार देर रात हमास ने जोशी के शव को इजरयइली अधिकारियों को सौंप दिया। पंडित ने कहा, बिपिन जोशी का शव हमास ने इजरायली अधिकारियों को सौंपा है और इसे तेल अवीव ले जाया जा रहा है। इजरायली सैन्य प्रवक्ता एफी डेफ्रिन ने कहा कि हमास ने बिपिन जोशी सहित 4 बंधकों के शव लौटाए हैं। उनके शव को नेपाल भेजने से पहले डीएनए टेस्ट किया जाएगा। उम्मीद है कि उनका अंतिम संस्कार नेपाली दूतावास के सहयोग से इजरायल में किया जाएगा। जोशी की इजरायल यात्रा सितंबर 2023 में शुरू हुई, जब वह 16 अन्य छात्रों के साथ किबुत्ज अलुमिम गए थे। यह पहल नेपाली छात्रों को इजरायली कृषि तरीकों के बारे ट्रेनिंग देने के लिए की गई थी। 7 अक्टूबर की सुबह हमास आतंकवादियों ने अचानक हमला कर दिया। छात्रों ने बम बंकर में शरण ली। जब बंकर के अंदर ग्रेनेड फेंके गए तो जोशी ने एक जिंदा ग्रेनेड को पकड़कर बाहर फेंक दिया, जिससे कई लोगों की जान बच गई।

दुनिया को आपकी जरूरत है, ट्रंप को रिझाने में जुटा पाकिस्तान; फिर अलापा नोबेल राग

इस्लामाबाद, एजेंसी। अमेरिका को रिझाने का पाकिस्तान कोई मौका छोड़ता नजर नहीं आ रहा है। नोबेल शांति पुरस्कार के ऐलान के चार दिन बाद ही प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पुरस्कार के लिए फिर नॉमिनेट कर दिया। शरीफ का कहना है कि दुनिया को इस समय सबसे ज्यादा ट्रंप की जरूरत है। अमेरिकी राष्ट्रपति की तरफ से भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम में बड़ी भूमिका निभाने का दावा लगातार किया जा रहा है।

गाजा में शांति के लिए आयोजित शिखर सम्मेलन में शरीफ ने कहा, मैं इस महान राष्ट्रपति को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट करना चाहता हूं, क्योंकि मुझे वास्तविक तौर पर लगता है कि वह वास्तविक रूप से सबसे शानदार उम्मीदवार हैं...। मुझे लगता है कि आप वह व्यक्ति हैं, जिसकी जरूरत इस दुनिया इस समय सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा, दुनिया आपको ऐसे व्यक्ति के रूप में याद रखेगी, जिसने 7 और अब 8 युद्ध रुकवाने के लिए सबकुछ किया।

पाकिस्तान पीएम ने कहा, अगर यह सज्जन नहीं होते, तो कौन जानता है कि क्या होता। भारत और पाकिस्तान दोनों परमाणु ताकतें हैं। अगर यह अपनी शानदार टीम के साथ उन चार दिनों में दखल नहीं देते, तो युद्ध उस स्तर तक पहुंच जाता, जहां कोई भी यह बताने के लिए नहीं बचता कि आखिर क्या हुआ था। ट्रंप की सफाई नोबेल शांति पुरस्कार से चूकने के बाद, अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य संघर्ष समेत आठ युद्धों को सुलझाने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने यह नोबेल पुरस्कार के लिए नहीं किया। ट्रंप अब तक भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष समेत सात युद्धों को सुलझाने का दावा करते रहे हैं। हालांकि, अब उन्होंने इजराइल-गाजा संघर्ष को जोड़कर यह संख्या आठ कर दी है।

रविवार को अपने एयर फोर्स वन विमान में पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच संघर्ष को सुलझाने की योजना का भी संकेत दिया। ट्रंप ने कहा, यह मेरा आठवां युद्ध होगा जिसे मैंने सुलझाया है, और मैंने सुना है कि अब पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच युद्ध चल रहा है। मैंने कहा, मुझे वापस आने तक इंतजार करना होगा। मैं एक और युद्ध रोक रहा हूं। क्योंकि मैं युद्ध सुलझाने में माहिर हूं। मैं शांति स्थापित करने में माहिर हूं। नोबेल विजेता पर भड़का वाइट हाउस वाइट हाउस ने शुक्रवार को नोबेल शांति पुरस्कार समिति की आलोचना करते हुए उस पर वैश्विक शांति में ट्रंप के योगदान को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। वाइट हाउस के संचार निदेशक स्टीवन चेउंग ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, नोबेल समिति ने साबित कर दिया है कि वे राजनीति को शांति से अधिक प्राथमिकता देते हैं। यह बात वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को 2025 के नोबेल शांति पुरस्कार का विजेता घोषित किए जाने के कुछ घंटों बाद कही गई।

पाकिस्तानी रक्षामंत्री बोले- अफगानिस्तान के साथ दुश्मनी भरा माहौल

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने चेतावनी दी है कि अफगानिस्तान के साथ दुश्मनी भरा माहौल है। इस्लामाबाद और काबुल में किसी भी वक्त संघर्ष शुरू हो सकता है। उन्होंने कहा कि फिलहाल दोनों देशों में कोई झड़प नहीं हो रही है, लेकिन दोनों देशों के बीच संबंध ठंड पड़ गए हैं। आसिफ ने आगे कहा, संघर्ष की संभावना को नकारा नहीं जा सकता। अगर अफगानिस्तान धमकी देता है, तो हमें तुरंत प्रतिक्रिया देने का अधिकार है। दरअसल 9 अक्टूबर को अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तानके ठिकानों पर हवाई हमले हुए थे। तालिबान का कहना था कि ये हमले पाकिस्तान ने किए थे। इसके जवाब में अफगानिस्तान ने 11 अक्टूबर को देर रात पाकिस्तान की 25 सैन्य चौकियों पर हमला कर दिया था। सोमवार को बॉर्डर पर दोनों देशों की सेनाएं अलर्ट पर रहीं। इस दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार और यात्रियों का आना-जाना बंद रहा। अफगानिस्तान का दावा- 58 पाकिस्तानी सैनिकों को मारा अफगानिस्तान ने दावा किया कि उसकी सेना ने शनिवार रात (11 अक्टूबर) को पाकिस्तान सीमा पर हुई झड़प में 58 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने बताया कि अफगान सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान की 25 सैन्य चौकियां कब्जे में ले लीं। इसके जवाब में पाकिस्तानी सेना ने कहा कि उसके सिर्फ 25 सैनिक मारे गए, जबकि उसने 200 तालिबानी लड़ाकों को ढेर कर दिया। अफगानिस्तान ने पाकिस्तानआर्मी चीफ और रक्षा मंत्री को वीजा नहीं दिया, 3 बार अर्जी खारिज की अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ, आईएसआई प्रमुख असीम मलिक और 2 अन्य जनरलों को वीसा देने से इनकार कर दिया है। टोलो न्यूज ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि पिछले 3 दिनों में वीसा अर्जी 3 बार खारिज की गई है। पाकिस्तानी सेना ने स्वीकार किया है कि सीमा पर संघर्ष में उसके 23 सैनिक और 200 तालिबानी मारे गए हैं। तालिबान सरकार के प्रवक्ता ने दावा किया कि 58 पाक सैनिक मारे गए और 30 घायल हुए हैं। वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने पाक-अफगान संघर्ष में मध्यस्थता की पेशकश की है। उधर, भारत के दौरे पर आए अफगान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने सोमवार को कहा कि अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के खिलाफ सीमा संघर्ष में अपना उद्देश्य प्राप्त कर लिया है।

तुर्किये के राष्ट्रपति एर्दोगन ने इटली की पीएम मेलोनी से कहा- स्मोकिंग छोड़ दो; गाजा पीस समिट में मिले

वाशिंगटन, एजेंसी। तुर्किये के राष्ट्रपति राष्ट्रपति रेचप तैयप एर्दोगन ने इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी से स्मोकिंग छोड़ने के लिए कहा है। दोनों नेताओं ने सोमवार को मिस्र में गाजा पीस समिट में मुलाकात की। इस दौरान एर्दोगन ने कहा, मैंने आपको हवाई जहाज से उतरते देखा। आप शानदार लग रही हैं, लेकिन मुझे आपको स्मोकिंग छोड़वाना होगी। इस पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने हंसते हुए कहा कि यह असंभव है। मेलोनी ने हल्के-फुल्के अंदाज में जवाब दिया, मुझे पता है, लेकिन मैं किसी को मारना नहीं चाहती। उन्होंने बताया कि स्मोकिंग छोड़ने से उनकी सामाजिकता कम हो सकती है। मेलोनी ने एक किताब में स्वीकार किया था।

स्पेसएक्स ने 40 माले की इमारत के बराबर रॉकेट का सफल परीक्षण किया, 11वीं उड़ान में हासिल की यह खासियत

वाशिंगटन , एजेंसी। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने फिर बड़ा कारनामा किया है। सबसे ताकतवर रॉकेट स्टारशिप का 11वां टेस्ट सफल रहा। मंगलवार (14 अक्टूबर) को सुबह 5ः00 बजे टेक्सास के बोका चिका से स्टारशिप की सफल लॉन्चिंग की गई। स्टारशिप की हिंद महासागर में लैंडिंग कराई गई। स्टारशिप अब तक का सबसे बड़ा और सबसे शक्तिशाली रॉकेट है। जो कि टेक्सास के दक्षिणी सिरे से आकाश में गर्जना के साथ उड़ा। बूस्टर रॉकेट अलग हो गया और योजना के मुताबिक मेक्सिको की खाड़ी में नियंत्रित रूप से प्रवेश किया, और स्टारशिप हिंद महासागर में उतरने से पहले अंतरिक्ष में उड़ता रहा। 11वें परीक्षण का लाइव वीडियो स्टारशिप रॉकेट को परीक्षण उड़ान के दौरान प्रक्षेपित किया और पिछली बार (10वां टेस्ट) की तरह ही दुनिया के आधे हिस्से का सफलतापूर्वक चक्कर लगाया। बूस्टर ने योजना के अनुसार मेक्सिको की खाड़ी में नियंत्रित प्रवेश किया, और अंतरिक्ष यान हिंद महासागर में उतरने से पहले अंतरिक्ष में घूमता रहा। घटनास्थल से कुछ भी बरामद नहीं हुआ। सुपर हैवी बूस्टर की अमेरिका की खाड़ी में वॉटर लैंडिंग कराई गई, जबकि स्टारशिप की हिंद महासागर में वॉटर लैंडिंग हुई। रिपोर्ट्स के मुताबिक ये टेस्ट 1 घंटे 6 मिनट का था। स्टारशिप अंतरिक्ष यान (ऊपरी हिस्सा) और सुपर हैवी बूस्टर (निचला हिस्सा) को पूरे तौर से स्टारशिप कहा जाता है। जिसका उद्देश्य भविष्य में रॉकेट को उड़ान भरने वाली जगह पर वापस लाने से जुड़े परीक्षण करना था। स्टारशिप की ऊंचाई 403 फीट है। जिसका उपयोग स्पेसएक्स के संस्थापक और सीईओ एलन मस्क मंगल ग्रह पर लोगों को भेजने के लिए करना चाहते हैं। दुनिया का सबसे बड़ा और शक्तिशाली रॉकेट स्पेसएक्स ने अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर वापस भेजने के अपने प्रयासों में दुनिया के सबसे बड़े और सबसे शक्तिशाली रॉकेट, स्टारशिप का उपयोग करने की योजना बनाई थी। कंपनी ने उन आलोचकों को भी खारिज करने की कोशिश की, जिन्होंने कहा था कि इसकी तकनीक नासा की चंद्र परियोजनाओं को पूरा करने और मनुष्यों को मंगल ग्रह पर ले जाने के मस्क के सपने को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकती है।

पहले कनाडा, फिर ब्रिटिश पीएम की बेइज्जती; ट्रंप ने मिस्र में इन नेताओं को किया शर्मसार

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को मिस्र के शर्म अल-शेख में आयोजित गाजा शांति सम्मेलन के दौरान कई विश्व नेताओं को अनजाने में या जानबूझकर शर्मिंदा कर दिया। यह घटना तब घटी जब ट्रंप ने इजरायल-हमास युद्ध को समाप्त करने वाले ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए बुलाए गए वैश्विक नेताओं को संबोधित किया। सम्मेलन में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर सहित दर्जनों देशों के नेता मौजूद थे। ट्रंप के भाषण और उनके व्यवहार ने सोशल मीडिया पर खूब चर्चा छेड़ दी। कई यूजर्स ने इसे ट्रंप का क्लासिक स्टाइल करार दिया। पहले कनाडा के कार्नी- प्रेसिडेंट कहकर हुई गलती, लेकिन जोक में बदल गया ट्रंप ने अपने भाषण की शुरुआत में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी का जिक्र करते हुए उन्हें मिस्टर प्रेसिडेंट कह दिया, जबकि कार्नी कनाडा के प्रधानमंत्री हैं। यह गलती ट्रंप के वाइट हाउस में कार्नी से हुई हालिया मुलाकातों के संदर्भ में और भी मजेदार लगी, जहां ट्रंप ने कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की धमकी दी थी। कार्नी ने तुरंत मंच पर हल्के-फुल्के अंदाज में जवाब दिया, आपने मुझे अपग्रेड कर दिया, सर! ट्रंप ने हंसते हुए कहा, ओह, क्या मैंने ऐसा कहा? कम से कम मैंने गवर्नर तो नहीं कहा। दोनों नेताओं के बीच यह आदान-प्रदान कैमरों में कैद हो गया और कार्नी के पीछे खड़े ब्रिटिश पीएम स्टार्मर ने नर्वस स्माइल के साथ तालियां बजाते दिखे। यह घटना ट्रंप-कार्नी संबंधों की पृष्ठभूमि में देखी जा रही है। 7 अक्टूबर को वाइट हाउस में हुई मुलाकात के दौरान ट्रंप ने कनाडा पर लगे भारी टैरिफ को लेकर सख्त रुख अपनाया था। कार्नी पूर्व केंद्रीय बैंक गवर्नर रह चुके हैं। उन्होंने ट्रंप की चापलूसी की कोशिश की थी, लेकिन ट्रंप ने कोई रियायत नहीं दी। ब्रिटिश पीएम स्टार्मर की बेइज्जती- मंच पर बुलाया, लेकिन बोलने न दिया कार्नी के साथ जोक के ठीक बाद ट्रंप ने मंच पर खड़े नेताओं को संबोधित करते हुए कहा, मैंने आप सबको इतने सालों से जाना है। तभी उन्होंने ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर की ओर इशारा किया और कहा, कीर, आपका क्या? आइए, बोलिए! स्टार्मर ने समझा कि उन्हें बोलने के लिए बुलाया गया है, इसलिए वे उत्साहित होकर मंच के आगे बढ़े। लेकिन ट्रंप ने उन्हें रोकते हुए कहा, नहीं-नहीं, बस थोड़ा इंतजार कीजिए। आपकी बारी बाद में। स्टार्मर असहज दिखे, चारों ओर देखा, फिर धीरे-धीरे पीछे लौटे। कार्नी ने उन्हें हल्के से कंधा थपथपाया, लेकिन स्टार्मर की यह स्क्वाटलिंग (पीछे हटना) वाली हरकत कैमरों में कैद हो गई। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, स्टार्मर ने एक फीकी मुस्कान के साथ स्थिति संभाली, लेकिन सोशल मीडिया पर उन्हें खूब ट्रोल किया गया। एक यूजर ने लिखा, ट्रंप ने स्टार्मर को वर्ल्ड स्टेज पर एपिक तरीके से शर्मिंदा किया। ट्रंप कभी नहीं भूलते! एक अन्य ने कहा, स्टार्मर सोचे होंगे, मैं तो बोलने आया था, लेकिन ट्रंप का जोक बन गए। कई अन्य नेताओं को किया शर्मसार- ऐतिहासिक मध्य पूर्व का उदय भाषण में तंज ट्रंप का भाषण मुख्य रूप से गाजा शांति समझौते पर केंद्रित था, जिसे उन्होंने मध्य पूर्व में ऐतिहासिक सवाना करार दिया। समझौते के तहत इजरायल-हमास के बीच कैदी-बंदी आदान-प्रदान और युद्धविराम पर हस्ताक्षर हुए, जिसमें अमेरिका ने मध्यस्थता की। लेकिन भाषण के दौरान ट्रंप ने कई नेताओं पर तंज कसे। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सीसी को ट्रंप ने कहा, आपने मिस्र को फिर से महान बनाया, लेकिन मेरी मदद के बिना यह संभव न था। सीसी ने मुस्कुराकर ताली बजाई, लेकिन कुछ विश्लेषकों ने इसे ट्रंप का क्रेडिट चोरी करार दिया। इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को ट्रंप ने मेरा पुराना दोस्त कहा, लेकिन ये भी कहा कि तुम्हें मेरी सलाह माननी चाहिए थी, वरना यह युद्ध इतना लंबा न चलता। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान को ट्रंप ने मिडिल ईस्ट का असली बॉस कहा, लेकिन तंज कसते हुए बोले, तुम्हारे पैसे से यह डील हुई, लेकिन मेरा दिमाग था। भारत के सवाल पर असहज दिखे शहबाज शरीफ इस दौरान ट्रंप ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री से कुछ ऐसा पूछ लिया कि वे खुद असहज दिखे। डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नाम लिए बिना उनकी प्रशंसा करते हुए कहा, ''भारत महान देश है, जिसका नेतृत्व मेरे बहुत अच्छे मित्र कर रहे हैं।

क्या आप जानते हैं दूध के दांतों से जुड़ी ये बातें

जन्म के छह माह बाद बच्चे का पहला दांत आता है और ढ़ाई साल की उम्र तक बीस दांत आ जाते हैं। सात साल की उम्र में दांत टूटने शुरू होते हैं और बारह साल की उम्र तक दूध सभी दांत टूट जाते हैं। एक साल की उम्र के बाद भी बच्चा मां का दूध पी रहा है तो दांतों में सड़न की तकलीफ होती है। ऐसे में इस समस्या से बचाव के लिए एक साल की उम्र के बाद मां का दूध नहीं पिलाना चाहिए।

छह साल की उम्र में बच्चे की पहली पक्की दाढ़ आ जाती है। जिन बच्चों के दांत टेढ़े मेढ़े आते हैं उनका इलाज नौ साल की उम्र में शुरू हो जाना चाहिए। मायो फंक्शनल टेक्नीक से इसका बेहतर इलाज संभव है। बच्चों का दूध का दांत किसी वजह से अचानक टूट जाए तो डॉक्टर को दिखाना चाहिए। टूटे हुए दांत से दूसरे दांत को संक्रमण होने का खतरा रहता है।

बार-बार मुंह में अंगुली न लगाने दें

बच्चों के जब दांत निकलने लगते हैं तो वे अपनी अंगुली बार-बार मुंह के भीतर ले जाते हैं। बार-बार मुंह में अंगुली ले जाने से दांत में संक्रमण का खतरा बढ़ने के साथ का आकार बदल सकता है। कई बार बच्चे दांत को अंगुली से कसकर दबाते हैं जिससे दांत की बनावट पर फर्क पड़ता है। ऐसे में दांत निकलने पर बच्चों पर ध्यान देना चाहिए और कोशिश करनी चाहिए कि वे बार-बार अंगुली न लगाए। इससे बचाव के लिए रबर की माउथ कैप आती है जिसे लगाया जा सकता है।

बच्चों में हर्पिटीक जिंजिवाइटिस खतरनाक

चार से छह साल की उम्र के बच्चों में हर्पिटीक जिंजिवाइटिस की समस्या भी पाई जाती है। इसमें दांत में तकलीफ की वजह से बच्चे को 104-105 डिग्री तेज बुखार रहता है। बच्चे के होंठ और मसूड़ों पर लाल चकते बनने लगते हैं। भूख लगनी बंद होने के साथ उल्टी, दस्त के साथ मुंह के भीतर छाले बन जाते हैं।

क्यों दूध दांत महत्वपूर्ण हैं

पहले वर्ष के दौरान एक बच्चे के विकास के स्थलों में से एक छोटे सफेद मोती का विस्फोट है। पहला दांत मुंह में टूट जाता है, कहीं छह महीने से एक वर्ष के जीवन के बीच। पूरे सेट को लगभग 20 महीने तक बच्चे के मुंह में जगह पर रखा गया है। यद्यपि पर्णपाती दांत कहा जाता है क्योंकि वे एक निश्चित अवधि के बाद गिर जाते हैं। दूध के अंतिम दांत 12 से 14 वर्ष तक मुंह में रहते हैं।

दूध दांतों के महत्व को रेखांकित करने वाले कुछ बिंदु नीचे सूचीबद्ध हैं। यह महत्व मानता है, कि कई बार, माता-पिता इस धारणा के साथ चोट या क्षय को अनदेखा करते हैं कि ये वैसे भी अस्थायी हैं और बाद में एक नया सेट होगा।

भोजनः दूध दांतों के प्राथमिक कार्यों में से एक चबाने या मास्टिकेशन और पाचन में सहायता करना है। हालांकि, उनके स्थाई समकक्ष के रूप में उतना मजबूत नहीं है। वे चबाने और भोजन को पचाने में एक बड़ी भूमिका निभाते हैं। खराब दांत वाले बच्चे, विशेष रूप से मोलर्स, (गायब या क्षीण) के परिणामस्वरूप गरीब पोषण हो सकता है।

बोलने का विकासः बोलने की क्षमता के विकास में दूध दांत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और बोलने की असामान्यताओं को लोगों में देखा जा सकता है, जिनके पास दूध दांतों का प्रभावी सेट नहीं होता है। उन बच्चों को देखना आम बात है जिनमें दूध सेट में सामने वाले दांत ठीक से तैनात नहीं होते हैं। वहां लिपिंग जैसी बोलने की समस्याएं हो सकती हैं।

सौंदर्यशास्त्रः कहने की जरूरत नहीं है, सफेद, मोटे दांतों का एक अच्छा सेट एक बच्चे की मुस्कुराहट की सुंदरता में जोड़ता है। यह स्वीकृति और आत्मविश्वास के स्तर सहित बच्चे के सामाजिक व्यवहार को बढ़ावा देने में एक प्रमुख भूमिका निभाता है।

अंतरिक्ष रखरखावः दूध के दांत उनके उत्तराधिकारी के लिए आवश्यक स्थान को बनाए रखते हैं और संरक्षित करते हैं। यदि खोया दांत प्रतिस्थापित नहीं किया जाता है, तो स्थान स्थायी व्यक्ति के विस्फोट के लिए पर्याप्त नहीं हो सकता है और यह स्थाई व्यक्ति को विस्फोट से भी रोक सकता है। नतीजा एक रिक्त स्थान हो सकता है। जहां अंतरिक्ष की कमी के कारण मुंह में उत्तराधिकारी के बिना दूध दांत खो जाता है।

या दूध या पर्णपाती दांतों की अच्छी देखभाल

- नियमित भोजन ओरल स्वच्छता दिनचर्या को लागू करें, जिसमें प्रत्येक भोजन या स्नैक्स के बाद धोने, दिन में दो बार ब्रश करना, फ्लॉसिंग और माउथवाश का उपयोग करना शामिल है।
- ओरल प्रोफेलेक्सिस नियमित सफाई के लिए दंत चिकित्सक के लिए एक दोहरी यात्रा। यदि आवश्यक हो तो फ्लोराइड पेस्ट आवेदन के बाद, इससे दंत क्षय की शुरुआत भी कम हो जाएगी। इन यात्राओं के दौरान प्रारंभिक क्षरणों की पहचान की जा सकती है और दर्द की शुरुआत से पहले इलाज किया जा सकता है।
- रासायनिक सीलेंट का उपयोग किया जा सकता है यदि दांतों पर गड्ढे गहरे हैं और आसानी से क्षीण हो सकते हैं।
- इन मोतियों को बनाए रखने के लिए और अधिक जानने के लिए नियमित रूप से अपने दंत चिकित्सक पर जाएं।

रेसिपी

एग बोट

सामग्री

■ हॉट डॉग्स- 4 ■ अंडे- 4 ■ हरी शिमला मिर्च- 1/2 कप (बारीक कटी) ■ लाल शिमला मिर्च- 1 (बारीक कटी) ■ प्याज- 1 (बारीक कटा) ■ धनिया पत्ती- बारीक कटी ■ नमक- स्वादानुसार, काली मिर्च- स्वादानुसार ■ ऑलिव ऑयल मेयोनीज- 4 चम्मच

विधि

ओवन को 18 डिग्री सेल्सियस पर प्रीहीट कर लें। हॉटडॉग बन्स के बीच में खाली जगह बना लें। अब एक बाउल में अंडा तोड़कर डालें। उसमें हरी, लाल शिमला मिर्च, प्याज, धनिया पत्ती, नमक और काली मिर्च डाल अच्छे से फेंटे। अब बन में खाली किए जगह पर ऑलिव ऑयल मेयोनीज लगाएं और इसके ऊपर अंडे वाला मिक्सचर डालें। अब इसे 15-20 मिनट प्रीहीट ओवन में रख बेक करें। तैयार है आपके एग बोट।

पनीर सिगार्स

सामग्री

■ हरे मटर- 1 कप (उबले और मसले हुए) ■ पनीर- 1/2 कप ■ तेल- 2 छोटे चम्मच तलने के लिए ■ हरा प्याज- 1/4 कप (बारीक कटा) ■ हरी मिर्च का पेस्ट- 1 छोटा चम्मच ■ मैदा- 1 बड़ा चम्मच ■ नमक- स्वादानुसार ■ भुना जीरा- 1 छोटा चम्मच
■ प्रोसेस्ड चीज- 1/4 कप (कसा हुआ)

विधि

एक नॉन स्टिक पैन में तेल गरम करें। उसमें हरे प्याज डालकर मध्यम सुनहरा होने तक भुनें। अब अदरक-हरी मिर्च पेस्ट भी डाल दें। इसके बाद इसमें हरी मटर, पनीर, नमक और भूना जीरा डालकर अच्छे से मिलाएं और लगभग 2-3 मिनट तक पकाएं। सबसे बाद में चीज डालें और उसे पूरी तरह पिघलने दें। आंच से उतारकर थोड़ा ठंडा होने के लिए रख दें। एक बाउल में मैदा डालें, उसमें थोडा पानी डालकर गाढा घोल बनाएं। अब समोसा पट्टी के बीच में ये मटर-पनीर का मिक्सचर रखें, उसे रोल का आकार दें। मैदे के घोल से उसे सील करें। एक कढ़ाई में आवश्यकतानुसार तेल गरम करें। फिर गरम तेल में तैयार किए ये रोल डालकर सुनहरा होने तक फ्राई कर लें। हरी चटनी या सॉस के साथ गरमा-गरम सर्व करें।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): किसी से कहासुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-8-9

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजनो के सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान रहेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-5-6-7

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-1-2-5

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-1-8-9

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मनोरथ सिद्धि का योग है। सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-5-6-8

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-6-8-9

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-4-5-6

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक-5-6-9

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-8

मकर (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-5-6-8

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-1-6-7

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। स्वविवेक से कार्य करे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। शुभांक-3-5-7

काकुरो पहेली - 2618



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



काकुरो - 2617 का हल



लॉफिंग ज़ोन

रमन (नरेश से)- तुम्हारी पत्नी रोजाना घर में इतनी? खिटपिट करती रहती है। तुम इतना तनावपूर्ण वातावरण को कैसे सह लेते हो?

नरेश (बड़े इत्मीनान से बोला)- दोस्त! ऑफिस एक ऐसा स्थान है, जहाँ आप घर के तनावों से मुक्ति पाकर विश्राम कर सकते हैं। और रोजाना मैं भी वही करता हूँ।

□ □ □

रमन-चमन आपस मे बातें कर रहे थे।

रमन (चमन से)- मेरी पत्नी दूसरी मंजिल से गिर गई।

चमन- क्या वह मर गई?

रमन- नहीं यार, यह तो अच्छा हुआ कि वह बाल-बाल बच गई।

चमन- अरे यार, तुम केवल बालों का क्या करोगे।

□ □ □

रमन (मित्र से)- 'यार तेरा हाथ कैसे फ्रैक्चर हो गया?'

चमन- 'कल मैं तेज मोटरसाइकल चलाकर घर आ रहा था, तभी सामने से एक ट्रक आ गया। मैंने ब्रेक मारा और...।'

रमन- 'उसने तुझे टक्कर मार दी।'

□ □ □

फिल्म वर्ग पहेली - 2618



बायें से दायें:-

१. 'अंग्रेजी में कहते हैं' गीत वाली अमिताभ, परवीन की फिल्म-३
३. कुमार गौरव, पूनम की 'माँग लूंगा तुझे' गीत वाली फिल्म-३
५. 'शीशा हो या दिल हो' गीत और नायिका रीना राय वाली फिल्म-२
७. अक्षय, करीना की 'यार बदल ना जाना' गीत वाली फिल्म-३
९. सुनीलदत्त, किशोरकुमार के 'सामने वाली खिड़की में' रहती है-४
१०. करिश्मा, मनीषा की 'रंग दी रंग दी' गीत वाली फिल्म-४
११. नवीन निश्चल, रेखा की 'राज की बात कह' कव्वाली वाली फिल्म-२
१५. 'जिस दिल में बसा था' गीत वाली प्रदीपकुमार की फिल्म-३
१७. सुनील शेट्टी, नम्रता की 'जीना तेरी बाहों में' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'घायल घायल तूने मुझे' गीत वाली मिथुन, श्रीदेवी की फिल्म-२
२१. सुनीलदत्त, माला की 'चलो एक बार फिर से' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'गाये जा गीत मिलन के' गीत वाली दिलीप, नर्गिस की फिल्म-२
२५. संजयदत्त, माधुरी की 'टपका रे टपका' गीत वाली फिल्म-४
२९. 'मैं दुनिया भुला दुंगा' गीत वाली राहुल राय, अनु की फिल्म-३
३०. मिथुन चक्रवर्ती, टीना मुनीम की १९८४ की एक फिल्म-३
३१. 'बाराना दे बाराना' गीत वाली अक्षयकुमार, शिल्पा की फिल्म-३

ऊपर से नीचे:-

१. 'हाय रे हाय रे' गीत वाली नई फिल्म-२
२. जोहराबाई अंबाले के गीत 'अंखियां मिलाके जिया' गीत वाली फिल्म-३
३. फिल्म 'अनोखी रात' के संगीतकार-३
४. अरविंद स्वामी, प्रभुदेवा, काजोल की १९९७ की एक फिल्म-३
५. 'नींद कभी रहती थी' गीत वाली फिल्म-३
६. अमिताभ बच्चन, शशि कपूर, शत्रु, राखी, परवीन, बिंदिया की अभिनीत फिल्म-२
८. 'मेरे अँगने में तुम्हारा' गीत वाली फिल्म-४
१०. फिरोजखान, हेमा, रेखा की फिल्म-३
१२. 'माई हार्ट इज बीटिंग' गीत वाली विक्रम, लक्ष्मी की फिल्म-२
१३. किशोर कुमार, मधुबाला की 'कोई हमदम ना रहा' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'गोरे गोरे मुखड़े पे काला काला चश्मा' गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म 'शरीफ बदमाश' में नायिका कौन थी-२
१८. 'तुम रूठ के मत' गीत वाली फिल्म-३
१९. अमिताभ, जया की 'जहाँ चार यार' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'आँखों से तूने ये क्या' गीत वाली फिल्म-३
२३. अमिताभ की 'अरे दीवानों मुझे पहचानो' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'गोरी तेरा नखरा' गीत वाली बॉबी, करिश्मा की फिल्म-३
२६. नायक-निर्माता-निर्देशक अकबर खान, रंजीता, स्मिता की फिल्म-३
२७. अनिल, अक्षय, ऐश्वर्या की सुभाष घई निर्देशित फिल्म-२
२८. 'जाने क्या होगा रामा रे' गीत वाली बहु सितारा फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 2617

सूडोकु -2618

			2				3	
		9		8		2	6	4
1				3	6		9	
4		3						
	8			2			1	
						8		6
	4		7	5				3
3	7	5		4		1		
	2				8			

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -2617 का हल

8	4	5	6	1	3	7	2	9
7	2	6	4	9	5	3	8	1
9	3	1	7	8	2	6	5	4
1	7	2	9	6	8	4	3	5
5	6	9	3	2	4	1	7	8
4	8	3	5	7	1	9	6	2
2	9	7	1	5	6	8	4	3
3	1	8	2	4	7	5	9	6
6	5	4	8	3	9	2	1	7

शब्द पहेली - 2618



बाएँ से दाएँ

1.छुट्टी,रजा-4
3.वध,आघात-4
5.दशानन-3
7.अनमोल,अनूठा-3
8.अनाथ,बेसहारा-3
10.खजूर-3
11.रहम करना-2,3
14.गहराई नापना-2,3
17.लगातार,सतत-5
20.संतुष्ट होना-2,3
23.बीच में,दौरान-3
24.खुश,आनंदित-3
25.शिक्षा-3
26.शोक-3
27.जांचना,परखना-4
28.धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

ऊपर से नीचे

2.मयखाना,मधुशाला-5
3.प्रेमकहानी-5
4.चापलूसी-4
6.नटना,वचन तोड़ना-4
7.फिजूल,व्यर्थ-3
9.अव्यवस्थित समूह,भीड़-3
12.गुजर करना-3
13.वेग,गति-3
15.खूबसूरत-3
16.पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17.गुजारिश,मांग-4
18.सुअर-3
19.गुस्सा होना-5
20.ममतापूर्ण-5
22.अयोग्य, असंगत-4

शब्द पहेली - 2617 का हल

उत्तर रेलवे में 15-16 अक्टूबर को मध्यरात्रि में बुकिंग सेवाएं रहेंगी बंद

एजेंसी

नई दिल्ली। उत्तर रेलवे ने यात्रियों को सूचित किया है कि नई पीआरएस (यात्री आरक्षण प्रणाली) प्रणाली के एकीकरण कार्य के चलते 15 और 16 अक्टूबर को मध्यरात्रि में कुछ घंटों के लिए टिकट बुकिंग सेवाएं अस्थायी रूप से बंद रहेंगी। रेल सूचना प्रणाली केंद्र (क्रिस) ने यह गतिविधि 14-15 अक्टूबर और 15-16 अक्टूबर की मध्यरात्रि के दौरान निर्धारित की है। इस दौरान नई पीआरएस बुकिंग काउंटर सेवाएं उपलब्ध नहीं रहेंगी। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय के अनुसार, पहली निर्धारित डाउनटाइम अवधि 15 अक्टूबर को रात 00:15 बजे से 2:15 बजे तक (2 घंटे) और दूसरी अवधि 16 अक्टूबर को रात 00:15 बजे से 1:00 बजे तक (45 मिनट) की होगी। इस अवधि के दौरान नई पीआरएस से टिकट बुकिंग, रद्दीकरण या किसी भी प्रकार का लेनदेन संभव नहीं होगा। रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे इन समयों में टिकट बुकिंग की योजना न बनाएं और असुविधा से बचने के लिए अग्रिम रूप से टिकट बुक करा लें।

दीपावली व छठ पर्व पर चलेंगी अतिरिक्त बसें, हर यात्री की यात्रा होगी सुरक्षित और सुगम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश सरकार ने दीपावली, भैयादूज और छठ जैसे प्रमुख पर्वों पर प्रदेशवासियों की सुरक्षित एवं सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। प्रदेश में 18 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2025 तक प्रोत्साहन अवधि घोषित करते हुए अधिकारियों को अधिकतम बस संचालन और यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने कहा कि पर्वों पर यात्रियों की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए दिल्ली से पूर्वी उत्तर प्रदेश के यात्रियों के लिए लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, अयोध्या, कानपुर सहित प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। इसके अलावा गाजियाबाद, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, सहारनपुर, आगरा, अलीगढ़ और इटावा के लिए भी बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि छठ पर्व के दौरान पूर्वांचल के लाखों लोगों का घर वापसी सफर बिना किसी असुविधा के पूरा हो, यह सरकार की प्राथमिकता है। परिवहन मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस अवधि में सभी निगम बसें शत-प्रतिशत ऑनरोड रहें। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में अनफिट बसों का संचालन नहीं किया जाएगा। बसों की असेम्बली, स्पेयर पार्ट्स और आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए बस स्टेशनों पर साफ-सफाई, पीने के पानी, बैठने की व्यवस्था, डिजिटल समय सारिणी और सहायता केंद्रों की व्यवस्था की जाए।

देश के लिए कार्य करना सभी का धर्म, इसी भावना से कार्य करे नई पीढ़ी : स्वांत रंजन

जौनपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वांत रंजन ने कहा कि महामना मदन मोहन मालवीय ने अपने विद्यार्थियों को सदैव सत्य, ब्रह्मचर्य, व्यायाम, विद्या, आत्मत्याग और देशभक्ति जैसे गुणों की शिक्षा देने की बात की थी। यह गुण भारतीय ज्ञान परम्परा की आत्मा है और चरित्र निर्माण के लिए अनिवार्य है। अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वांत रंजन यहां वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महंत अवेद्यनाथ भवन में आयोजित एक संगोष्ठी कोसंबोधित कर रहे थे। इस संगोष्ठी का आयोजन विश्वविद्यालय एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में हुई। जिसमें 'भारतीय ज्ञान परम्परा' विषय पर वक्ताओं ने भारतीय ज्ञान परम्परा के विविध आयामों–शिक्षा, विज्ञान, संस्कृति और नैतिकता पर विस्तारपूर्वक विचार व्यक्त किए। प्रचारक प्रमुख स्वांत रंजन ने क्रांतिकारी पंडित राम प्रसाद 'बिस्मिल' का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के लिए कार्य करना प्रत्येक नागरिक का धर्म है और नई पीढ़ी को भी इसी भावना से प्रेरित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि महामना मदन मोहन मालवीय ने विद्यार्थियों को सत्य, ब्रह्मचर्य, व्यायाम, विद्या, आत्मत्याग और देशभक्ति जैसे गुणों की शिक्षा देने की बात की थी। यह गुण भारतीय ज्ञान परम्परा की आत्मा है और चरित्र निर्माण के लिए अनिवार्य है।

जिलाधिकारी ने विकास कार्यों की समीक्षा की, अधिकारियों को दीं जरूरी हिदायतें

वाराणसी। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं, मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों और सीएम डैशबोर्ड पर दर्ज प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि विकास कार्यों की गति तेज की जाए और शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की लाभकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहना चाहिए। डीएम ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि पात्र लाभार्थियों का सत्यापन कर उनके फैमिली पहचान पत्र बनवाए जाएं, ताकि योजनाओं का सीधा लाभ सही व्यक्ति तक पहुंच सके। सेतु निर्माण की प्रगति पर जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सेतु निर्माण में यदि कोई समस्या आती है तो उसे तत्काल उनके संज्ञान में लाया जाए, ताकि समय रहते समाधान सुनिश्चित किया जा सके और कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा हो।उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, सड़कों के निर्माण कार्य सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा की और प्रगति रिपोर्ट मांगी।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभागों की योजनाओं की नियमित समीक्षा करें और अपने स्टाफ के साथ समन्वय बनाकर समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करें।

सरदार वल्लभभाई पटेल के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना होगा: अरुण सिंह

एजेंसी

भोपाल। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने ही एक भारत, श्रेष्ठ भारत का सपना देखा था। स्वतंत्रता के पश्चात जब देश अनेक रियासतों में बंटा हुआ था, तब सरदार पटेल ने अद्वितीय नेतृत्व, अदम्य साहस और दूरदर्शिता का परिचय देते हुए भारत को एकजुट करने का कार्य किया। उन्होंने 'खंड-खंड भारत नहीं, एक भारत' की भावना को साकार किया और हमें वह एकता दी, जो आज हमारी पहचान और गर्व का विषय है। सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाना होगा। भाजपा महासचिव अरुण सिंह भोपाल में पार्टी के प्रदेश कार्यालय में सरदार@150 यूनिटी मार्च एक भारत, आत्मनिर्भर भारत

कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हम यहाँ ÷लौह पुरुष÷ सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर एकत्र हुए हैं, ताकि उनके विचारों और योगदान को जन-जन तक पहुँचाया जा सके। मुझे पूरा विश्वास है कि भाजपा के कार्यकर्ता, देश का प्रत्येक युवा, मिलकर उस भारत के निर्माण में भागीदार बन सकता है, जिसका सपना सरदार वल्लभभाई पटेल ने देखा था। इस अभियान का सबसे महत्वपूर्ण चरण 26 नवंबर, संविधान दिवस से आरंभ होगा। गुजरात स्थित सरदार पटेल के जन्म स्थान करमसद से यूनिटी मार्च शुरू किया जाएगा, जो लगभग 152 किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए केवड़िया पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि इस पदयात्रा में देश के विभिन्न जिलों से चुने गए पांच-पांच युवा प्रतिनिधि भाग लेंगे। अगले दो महीनों तक देशभर में सरदार पटेल के विचारों और योगदान पर केंद्रित गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी, जिससे युवाओं में उनके विचारों को जानने और उनके पदचिन्हों पर चलने की प्रेरणा जागृत होगी। यही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अभियान का दूसरा चरण 31 अक्टूबर से 25 नवंबर के बीच आयोजित होगा, जिसमें जिला स्तर पर पदयात्राएं की जाएंगी। इन यात्राओं में योग एवं स्वास्थ्य शिविर, व्याख्यान, वाद-विवाद प्रतियोगिताएं, और नशा मुक्त भारत का संकल्प शामिल होगा। भाजपा महासचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए प्रदर्शनियाँ, स्वच्छता अभियान तथा अन्य जनजागरूकता गतिविधियां भी पदयात्रा के रूट पर आयोजित की जाएंगी।

विंडर्जी इंडिया सम्मेलन 29 अक्टूबर से चेन्नई में होगा आयोजित

एजेंसी

नई दिल्ली। देश का प्रमुख अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला और सम्मेलन 'विंडर्जी इंडिया 2025' का सातवां संस्करण 29 से 31 अक्टूबर तक चेन्नई ट्रेड सेंटर में आयोजित किया जाएगा। इसका उद्घाटन केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी करेंगे। उद्घाटन सत्र में केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीपद येसो नाइक भी मौजूद रहेंगे। इंडियन विंड टरबाइन मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईडब्ल्यूटीएमए) के सीईओ आदित्य प्यासी ने यहां आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि यह आयोजन सिर्फ व्यापार मेला नहीं बल्कि भारत के पवन ऊर्जा क्षेत्र के भविष्य की नींव रखने का महत्वपूर्ण अवसर है। इसका उद्देश्य नीति निर्माताओं और उद्योग के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है।

जेडएफ ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष आकाश पास्सी ने कहा कि उनकी कंपनी विश्व के लिए पवन टरबाइन कलपुर्जे बनाती है और वर्तमान में 80 फीसदी से अधिक उत्पादन विदेशों में निर्यात करती है लेकिन सरकार की पवन ऊर्जा को बढ़ावा देने वाली नीतियों के चलते अगले साल 40 फीसदी उत्पादन घरेलू बाजार में इस्तेमाल होगा। विंडर रिन्यूएबल एनर्जी के सीईओ के. भारती ने कहा कि यह क्षेत्र सरकार और उद्योग के सहयोग से तेजी से बढ़ रहा है और निर्माण से लेकर संचालन तक हर स्तर पर कौशल और गुणवत्ता पर जोर देना आवश्यक है। इस सम्मेलन में 20 से अधिक देशों के 350 से ज्यादा प्रदर्शक भाग लेंगे और लगभग 15 हजार लोगों के आने की संभावना है। डेनमार्क, जर्मनी और स्पेन जैसे पवन ऊर्जा के अग्रणी देशों के राष्ट्रीय पवेलियन भी इसमें शामिल होंगे। इस साल विषय 'विंड पावर: आत्मनिर्भरता की ओर नीतियां और साझेदारियां' है, जो भारत की नवीकरणीय ऊर्जा महत्वाकांक्षाओं को साकार करने पर केंद्रित है।

मप्र में लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई, सेवानिवृत्त आबकारी अधिकारी के 8 ठिकानों पर छापा

एजेंसी

इंदौर। मध्य प्रदेश लोकायुक्त की टीम ने बुधवार को गोपनीय शिकायत के आधार पर सेवानिवृत्त आबकारी अधिकारी धर्मेंद्र सिंह भदौरिया के 8 ठिकानों पर छापेमारी की। इनमें से 7 ठिकाने इंदौर और एक ठिकाना ग्वालियर में है। इंदौर में कैलाश कुंज, बिजनेस स्काई पार्क सहित सात और ग्वालियर में इंद्रमणि नगर स्थित घर पर सर्चिंग की जा रही है। लोकायुक्त की टीम बुधवार सुबह सबसे पहले इंदौर के पलासिया स्थित फ्लैट पर पहुंची और सर्चिंग शुरू की। टीम ने फ्लैट में रखे दस्तावेजों की जांच शुरू की और लाखों रुपये नगद, महंगे आभूषण, विदेशी मुद्रा और लाइसेंसी हथियार जब्त किए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इंदौर स्थित फ्लैट की संपत्ति की कीमत ही 7 से 8 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इसी दौरान लोकायुक्त की टीम ग्वालियर के विवेक नगर स्थित धर्मेंद्र सिंह भदौरिया के निवास पर भी पहुंची। यहां दस्तावेजों और संपत्ति की जांच की जा रही है। लोकायुक्त की यह कार्रवाई भदौरिया के कुल 8 ठिकानों पर एक साथ की जा रही है। हर ठिकाने पर टीम दस्तावेजों, बैंक खातों और घर में रखी संपत्ति की बारीकी से जांच कर रही है। जांच में जुटे लोकायुक्त अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न बैंकों में उनके पांच लाकर

निकले हैं। इसके साथ ही उनके कई बैंकों में खाते भी पाए गए हैं। उनके पास में बड़ी संख्या में गाड़ियां भी पाई गई है। इनकी जांच की जा रही कि इनमें से कौन सी गाड़ी किसके नाम पर है। भदोरिया के द्वारा काउंटी बाग में 4700 स्क्वायर फीट क्षेत्र में आलीशान बंगला बनाने का काम किया जा रहा था। मनोरमा गंज में उनके पास में तीन बेडरूम हॉल किचन का आलीशान फ्लैट हैं। इसके साथ ही उनके घर की तलाशी के दौरान 500 यूरो के 10 नोट मिले हैं। इस तरह से उनके पास में 5000 यूरो भी पाए गए हैं। धर्मेंद्र सिंह भदौरिया 1987 में आबकारी विभाग में उपनिरीक्षक के पद पर भर्ती हुए थे। वे अगस्त 2025 को अलीराजपुर के जिला आबकारी अधिकारी के पद से सेवानिवृत हुए थे। इससे पहले 2020 में शराब ठेकों की नीलामी में लापरवाही के चलते उनको निलंबित किया गया था। नीलामी समय पर नहीं होने के कारण उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई थी। जांच में सामने आया है कि उनके बेटे सूर्यांश भदौरिया फिल्मों में निवेश करते थे।

केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने किया लुधियाना में भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान भवन का लोकार्पण

एजेंसी

चंडीगढ़। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लुधियाना (पंजाब) स्थित भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान के प्रशासनिक-सह-प्रयोगशाला भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने यहां मक्का उत्पादक किसानों व केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की योजनाओं के लाभार्थियों तथा महिला स्वयं सहायता समूहों की दीदियों से संवाद भी किया। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने लोकार्पण अवसर पर कहा कि मक्का उत्पादन बढ़े और हमारा मक्का दुनिया में धूम मचाए, इसके लिए हम मक्के की नई, उन्नत व उच्च उत्पादक किस्में विकसित कर रहे हैं। शिवराज सिंह ने कहा कि हम मक्के का उत्पादन और कैसे बढ़ा सकते हैं, इसके लिए हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। शिवराज सिंह ने कहा कि गेहूं व धान के बाद तीसरी सबसे बड़ी फसल मक्का है, जिसका उपयोग भोजन के अलावा कई अन्य कार्यों में भी किया जा सकता है। केंद्र सरकार ने पंजाब में फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए गेहूं के बीज की मुफ्त आपूर्ति के लिए 74 करोड़ रुपये जारी किए हैं और सरसों सहित अन्य बीजों के लिए भी राशि मंजूर की गई है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत पंजाब के 11.09 लाख किसानों के खातों में 222 करोड़ रु. एडवांस जमा कराए जा चुके हैं। बागवानी क्षेत्र में हुए नुकसान की भरपाई के लिए एमआईडीएच योजना से सहायता भेजी जाएगी। शिवराज सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार, पंजाब की मदद के लिए हमेशा तैयार है।

केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार ने पंजाब में बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त 36,703 घरों के पुनर्निर्माण के लिए प्रति परिवार 1.60 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं, जिनमें से 1.20 लाख रुपये मकान निर्माण और 40 हजार रुपये मजदूरी व शौचालय निर्माण के लिए हैं। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि हम अपने देश में बनी वस्तुएं ही खरीदें। इससे स्थानीय कारीगरों को लाभ होगा, देश का पैसा देश में ही रहेगा और देश आर्थिक रूप से और समृद्ध होगा। हमें अपने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना है, इसलिए अपने देश में बनी स्वदेशी वस्तुएं ही खरीदें।

किशोर कुमार गीतों को जीते थे और उनका अलग ही अंदाज था : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

एजेंसी

भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रख्यात पार्श्व गायक और अभिनेता किशोर कुमार असाधारण कलाकार थे। वे गीतों को गाते नहीं थे, बल्कि गीतों को जीते थे। पूरा समय मस्ती में रहते थे। ऐसे हरफनमौला कलाकार थे, जिसका अलग ही अंदाज था। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि उनकी स्मृति में मध्य प्रदेश सरकार प्रतिवर्ष दो दिन का समारोह आयोजित करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रात्रि भोपाल स्थित अपने निवास से वर्चुअल रूप से जुड़कर प्रख्यात पार्श्व गायक और अभिनेता किशोर कुमार की स्मृति में उनकी जन्मस्थली खण्डवा में हुए दो दिवसीय राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मामन अलंकरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रख्यात गीतकार प्रसून जोशी को किशोर कुमार सम्मान अलंकरण प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने

राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान से प्रसून जोशी को अलंकृत किए जाने पर बधाई देते हुए कहा कि जोशी ने अपनी कलम का जादू दिखाया है। उनके लिखे विज्ञापन के जिंगल्स भी लोकप्रिय हुए हैं। भगवान राम, भगवान श्रीकृष्ण और मां पर जोशी जी के गीतों और कविताओं को बहुत पसंद किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खण्डवा किशोर कुमार की जन्मभूमि के साथ ही दादा माखनलाल चतुर्वेदी की कर्मभूमि रही है। यहां दादा धूनीवाले का आशीर्वाद है। इसके साथ ही ओंकारेश्वर धाम भी खण्डवा जिले में है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किशार कुमार के व्यक्तित्व और कृतित्व का विस्तार से उल्लेख किया। विशेष रूप से इंदौर के कॉलेज में अध्ययन के दौरान घटित विशेष प्रसंगों को गीतों और अभिनय में शामिल करने, पड़ोसन और चलती का नाम गाड़ी जैसी फिल्मों में गायन और अभिनय के प्रभावशाली अंदाज, फक्कड़ स्वभाव और अपने बड़े भाई अशोक कुमार के साथ प्रगाढ़ संबंध का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किशोर कुमार के गाए गीत जिंदगी एक सफर है सुहाना..... की पंक्तियां गाकर किशोर कुमार को याद किया और उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि दी। गीतकार प्रसून जोशी ने प्राप्त सम्मान के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव और मध्य प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में प्रसून जोशी ने कहा कि किशोर दा की हंसी हमेशा गूंजती रहेगी।

बिहार विधानसभा चुनाव: हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा ने जारी की छह उम्मीदवारों की सूची

एजेंसी

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) ने छह (06) उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है, जिसमें 2 महिलाएं शामिल हैं। इमामगंज से दीपा कुमारी (मांझी की बहू) को टिकट दिया गया है। चार मौजूदा विधायकों को दोबारा मौदान में उतारा गया है, जबकि अतरी और कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र से नए चेहरों को मौका दिया गया है। हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा प्रमुख जीतन राम मांझी ने खुद टिकट बंटवारे की घोषणा करते हुए विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया। सूची में कई महत्वपूर्ण और हाई-प्रोफाइल सीटें शामिल हैं।

हम पार्टी के प्रत्याशियों की सूची और उनके विधानसभा क्षेत्रों के नाम

ज्योति देवी- बाराचट्टी
दीपा मांझी- इमामगंज
रोमित कुमार- अतरी
प्रफुल्ल मांझी-सिकंदरा
ललन कुमार- कुटुंबा
अनिल सिंह- टिकारी

जानकारों का ऐसा मानना है कि हम ने यह सूची जारी कर उन सीटों पर

अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है, जहां पार्टी मजबूती से चुनाव लड़ना चाहती है। यह ऐलान बिहार के चुनावी माहौल में एक नई गर्मी लाएगा और इन सीटों पर अब मुकाबला और भी रोचक होने की संभावना है।

भविष्य में भारतीय मानक बनेंगे वैश्विक मानक: अनुराग ठाकुर

एजेंसी

सोलन पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने ज़िला सोलन के परवाणू स्थित भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) कार्यालय में आयोजित विश्व मानक दिवस कार्यक्रम में भाग लिया और भारत के मानक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए एक व्यावहारिक पांच सूत्रीय एजेंडा प्रस्तुत किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शून्य दोष, शून्य प्रभाव विज़न को दोहराते हुए कहा कि भारत अब गुणवत्ता को विशेषाधिकार नहीं, बल्कि अधिकार मानता है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि 2014 से पहले देश में केवल 14 गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) लागू थे, जिनमें 106 उत्पाद शामिल थे, लेकिन पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार की नीति और नीयत के चलते अब 187 क्यूसीओ के तहत 770 उत्पाद बीआईएस प्रमाणन के अंतर्गत आ चुके हैं। उन्होंने इसे घटिया गुणवत्ता को स्वीकार करने की मानसिकता से हटकर उत्कृष्टता की ओर बढ़ते भारत का संकेत बताया। उन्होंने कहा कि मानकों की बेहतर पहुंच, विशेष रूप से एमएसएमई और स्टार्टअप्स के लिए, भारत को वैश्विक बाज़ार में प्रतिस्पर्धी बना सकती है। बीआईएस परवाणू जैसे केंद्रों को उद्योग के साथ भागीदारी का मॉडल बनाने का

आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि देश के 6.63 करोड़ एमएसएमई जीडीपी में 30 प्रतिशत और निर्यात में 45 प्रतिशत से अधिक का योगदान देते हैं। उन्होंने पर्यावरणीय स्थिरता को मानकों से जोड़ने की ज़रूरत पर भी बल दिया और ऐसे मानकों की बात की जो ऊर्जा दक्षता और पुनर्चक्रण जैसे पहलुओं को कवर करें। अनुराग ठाकुर ने इंजीनियरिंग और प्रबंधन शिक्षा में मानक साक्षरता को बढ़ाने, प्रमाणन प्रक्रियाओं को डिजिटल व पारदर्शी बनाने और वैश्विक मानकों के साथ भारत की सामंजस्यता को और मज़बूत करने की बात कही। उन्होंने बताया कि भारत आज इंटरनैशनल ऑर्गनाइज़ेशन फॉर स्टैंडर्डाइज़ेशन (आईएसओ)और इंटरनेशनल इलेक्ट्रोटेक्नीकल कमीशन (आईइसी) मानकों के साथ 94 प्रतिशत तक सामंजस्य बना चुका है, जिससे निर्यातकों को वैश्विक बाज़ारों में कम अड़चन का सामना करना पड़ता है।

आईपीएस पूरन के परिवार से मिले चिराग पासवान, न्याय का दिया भरोसा

चंडीगढ़। केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान चंडीगढ़ पहुंचे। उन्होंने दिवंगत आईपीएस वाई पूरन कुमार की पत्नी अमनीत पी कुमार तथा परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात की। केंद्रीय मंत्री ने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी और उन्हें न्याय का भरोसा दिलाया। इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी पूरन कुमार के परिवार से मुलाकात की थी।मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ में हुए घटनाक्रम में होने वाली कार्रवाई देश के लिए नजीर बनेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखा है और बात की है।

इस मामले में जितने भी आरोपित हैं, अगर वह दोषी साबित होते हैं उन्हें कानूनन सजा मिलेगी। सरकार की तरफ से परिवार की मांगों पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ की इस घटना ने यह बताया कि पुलिस विभाग में आला पदों पर किस तरह से जातिगत भेदभाव हो रहा है।

डोर-टू-डोर सेवाएं देश की जरूरत, ये बढ़ाएंगी दक्षता और घटाएंगी लॉजिस्टिक्स लागत : अश्विनी वैष्णव

एजेंसी

नई दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि डोर-टू-डोर सेवाएं देश की अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। ये सेवाएं न केवल उद्योगों की दक्षता बढ़ाएंगी बल्कि परिवहन और लॉजिस्टिक्स लागत को भी काफी कम करेंगी। वैष्णव ने यहां रेल भवन में वर्चुअल माध्यम से उत्तर प्रदेश के सोनिक में बने इंटीग्रेटेड लॉजिस्टिक्स हब का उद्घाटन किया और दो नई डोर-टू-डोर फ्रेट एवं पार्सल सेवाओं को हरी झंडी दिखाई।

इस मौके पर उन्होंने बताया कि अब उद्योगों को अपने माल की ढुलाई के लिए पूरी रेक भरने की जरूरत नहीं होगी, बल्कि वे अपनी आवश्यकता के अनुसार कुछ कंटेनर ही भेज सकेंगे।

रेल मंत्री ने कहा कि भारतीय रेल अब फैक्टरी से लेकर ग्राहक तक 'डोर-टू-डोर' सुविधा उपलब्ध कराएगी, जिससे फैक्टरी और रेलवे लोडिंग-अनलोडिंग प्वाइंट के बीच की दूरी और असुविधा खत्म होगी। इसके लिए देशभर में बने गुड्स शेड्स और लॉजिस्टिक्स टर्मिनल्स को कंटेनर लोडिंग व अनलोडिंग सुविधाओं से लैस किया जा रहा है, ताकि ग्राहक पूरी

